

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,शनिवार 10 अगस्त 2024 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-134 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 11 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### आसाराम की जेल में बिगड़ी तबीयत

**जोधपुर,10 अगस्त।** यौन शोषण के आरोप में जोधपुर सेंट्रल जेल में सजा काट रहे आसाराम को सीने में दर्द की शिकायत पर उन्हें एम्स के सीसीयू में एडमिट किया है। सेंट्रल जेल में आसाराम को सीने में दर्द की शिकायत हुई। बता दें कि आसाराम का अप्रेल महीने में आयुर्वेदिक पद्धति से हार्ट का इलाज जोधपुर के निजी हॉस्पिटल में पुणे के एक अस्पताल के डॉक्टर की निगरानी में हुआ था। उसके बाद आसाराम की हालत में काफी सुधार था। इलाज के डेढ़ महीने बाद फिर से सीने में दर्द की शिकायत पर एम्स में भर्ती किया था। अब 2 महीने बाद फिर सीने में दर्द की शिकायत पर आसाराम को एम्स लाया गया है। वहीं आसाराम के हॉस्पिटल लाने की सूचना मिलने के बाद उनके अनुयाई एम्स हॉस्पिटल के बाहर पहुंच गए। समर्थकों को रोकने के लिए अस्पताल के सुरक्षाकर्मी और पुलिस को मौके पर तैनात किया गया है।

### स्कूलों और शिक्षकों का होगा युक्तियुक्तकरण

**बिलासपुर,10 अगस्त।** छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश में स्कूलों व शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण करने जा रही है. इसे लेकर एडवोकेट जनरल के माध्यम से राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में कैविएट दायर किया है, ताकि शासन के निर्णय के खिलाफ न्यायालय में प्रकरण आने पर शासन का भी पक्ष सुना जाए. दरअसल 2 अगस्त को शिक्षा विभाग ने युक्तियुक्तकरण को लेकर 10 पेज का नियम निर्देश जारी किया है, जिसमें प्रधानपाठक सहित केवल दो शिक्षकों के न्यूनतम सेटअप है. सरकार ने नियम निर्देश जारी करने के साथ ही हाईकोर्ट में कैविएट दायर किया है. युक्तियुक्तकरण को लेकर जो नियम निर्देश जारी हुए हैं, उससे 10 से 15 हजार शिक्षक प्रभावित होंगे. युक्तियुक्तकरण से कई शिक्षक अतिशेष होंगे तो कुछ स्कूल मर्ज होने की वजह से प्रभावित होंगे. इधर युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षक संगठनों ने मांग की थी कि पहले प्रमोशन की प्रक्रिया पूरी होगी, उसके बाद युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया किया जाए.

### पीट-पीटकर युवक की हत्या 15 ग्रामीण हिरासत में

**बलौदाबाजार,10 अगस्त।** लाठी-डंडे से पीट-पीटकर एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है. सूत्रों के मुताबिक मृतक आदतन बदमाश था और ग्रामीण परेशान रहते थे. बीती रात ग्रामीणों ने युवक को लाठी डंडों से पीट पीटकर मौत के घाट उतारा. इस मामले में कसडोल पुलिस ने 15 ग्रामीणों को हिरासत में लिया है. यह घटना कसडोल थाना क्षेत्र के सुदूर गांव कोटियाझर की है. मृतक का नाम जयकुमार ठाकुर उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम कोटियाझर है. घटना के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है. पुलिस मामला दर्ज कर 15 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही. शाम तक हत्या के कारणों का खुलासाअ हो सकेगा.

### मोदी को जान से मारने की धमकी, राजस्थान से दो युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली,10 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंस्टाग्राम पर जान से मारने की धमकी मिली है. धमकी मिलने के बाद इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) ने तुरंत कार्रवाई की. राजस्थान के दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है. इन दोनों से गहन पूछताछ की जा रही है और उन्हें पहाड़ी पुलिस थाने में रखा गया है. आईबी की तीन सदस्यीय टीम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इंटरनेट मीडिया इंस्टाग्राम पर धमकी देने के मामले में राजस्थान के डीग जिले में दबिश देकर दो युवकों राहुल मेव और शाकिर मेव को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तारी के बाद पता चला है.



ट्वीट कर लिखा- थैंक यू मोदी जी

## पीएम मोदी के मुरीद हुए राहुल गांधी

**नई दिल्ली,10 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वायनाड दौरे की प्रशंसा करते हुए राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि मोदी जी, वायनाड में आकर इस भयानक त्रासदी का व्यक्तिगत रूप से जायजा लेने के लिए आपका धन्यवाद। यह एक अच्छा निर्णय है। उन्होंने आगे लिखा कि मुझे पूरा विश्वास है कि एक बार जब प्रधानमंत्री जी तबाही की भयावहता को प्रत्यक्ष रूप से देखेंगे, तो वे इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित कर देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वायनाड में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी उनके साथ हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने आपदा स्थल का दौरा करने से पहले वायनाड में हवाई सर्वेक्षण किया। हवाई सर्वेक्षण में उन्होंने भूस्खलन की उत्पत्ति देखी, जो इरुवाझिंजी पुझा (नदी) के उद्गम स्थल पर है। उन्होंने पुंचिरिमट्टम, मुंडक्कई और चूरलमाला के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया।मोदी ने भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर पर सवार होकर भूस्खलन से तबाह हुए चूरलमाला, मुंडक्कई और पंचिरिमट्टम बस्तियों का हवाई सर्वेक्षण किया, जिसके बाद वे सुबह करीब 11.15 बजे कन्नूर हवाई अड्डे से वायनाड के लिए रवाना हुए। इससे पहले प्रधानमंत्री का हवाई अड्डे पर केरल के सीएम पिनराई विजयन और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने स्वागत किया।

मोदी के दौरे के दौरान बचाव अभियान में शामिल टीमें उन्हें निकासी प्रयासों के बारे में जानकारी देंगी। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री भूस्खलन में बचे लोगों से बातचीत करने के लिए राहत शिविरों और अस्पतालों का भी दौरा करेंगे। 30 जुलाई को इस क्षेत्र में भूस्खलन के बाद कम से कम 226 लोगों की मौत हो गई और कई लापता हैं। यह संभवतः केरल में आई सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदाओं में से एक थी। उत्तर प्रदेश के रायबरेली से सांसद गांधी पिछली लोकसभा में वायनाड का प्रतिनिधित्व करते थे।

## बांग्लादेश की सड़कों पर हरे रामा-हरे कृष्णा

### अचानक एकजुट होकर सड़कों पर उतरे करोड़ों हिंदू, हिल गई नई सरकार

**ढाका,10 अगस्त।** बांग्लादेश में राजनीतिक तख्तापलट के बाद से हिंदू परिवारों को निशाना बनाया जा रहा है। उसके बाद से हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन करना शुरू किया है। अब बांग्लादेश में हिंदुओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हालांकि वहां जो लगातार हिंसा हो रही है उसके उलट यहां हिंदुओं ने शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया है। हरे रामा हरे कृष्णा के नारे लगाए हैं। बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के लोग सड़कों पर उतरे हैं। खुद के प्रति अत्याचार का विरोध करने का ये अनोखा रास्ता बांग्लादेश के हिंदुओं ने निकाला है। वहीं दूसरी तरफ बांग्लादेश में ही हिंदुओं के प्रति नफरत और हिंसा अभी भी जारी है। सोशल मीडिया पर हिंदू लड़की को कुछ मुस्लिम लड़कों द्वारा घेरने और उसे टार्चर किए जाने का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। उससे माफी मंगवाई जा रही है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार कैसे रुकेगा। भारत की बात करें तो यहां अल्पसंख्यों को बराबर के अधिकार दिए गए हैं। यहां पर अल्पसंख्यकों को विशेषाधिकार देने के भी आरोप लगते रहे हैं। लेकिन भारत के उलट पड़ोसी देशों में हिंदुओं पर अत्याचार लगातार जारी है। बांग्लादेश में शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ने के बाद हुई हिंसा में कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की गई, महिलाओं पर हमला किया गया तथा अवामी लीग पार्टी से जुड़े कम से कम दो हिंदू नेताओं की हत्या कर दी गई। , दो हिंदू नेताओं की उत्तर-पश्चिमी सिराजगंज और रंगपुर में हत्या कर दी गई, जो हसीना की अवामी लीग पार्टी के नेता थे। उन्होंने कहा कि परिषद अभी और जानकारी एकत्र कर रही है। हमलावरों ने दुकानों, मंदिरों और घरों में लूटपाट की और हिंदू महिलाओं पर हमला किया। जिन जिलों में धार्मिक अल्पसंख्यकों और उनके घरों या व्यवसायों पर हमला किया गया, उनमें पंचगढ़, दिनाजपुर, रंगपुर, बोगुरा, सिराजगंज, शेरपुर, किशोरगंज, पश्चिम जशोर, मगुरा, नरैल, दक्षिणपश्चिम खुलना, पटुआखली, सतखीरा, मध्य नरसिंगडी, तंगैल, उत्तर पश्चिम लक्खीपुर, फेनी, चटगांव और हबीगंज शामिल हैं।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार लगातार जारी हैं। वहीं बॉर्डर पर शरणार्थियों की भीड़ बीएसएफ के लिए एक बड़ा टेंशन बन गई है। बांग्लादेश में उथल पुथल मची हुई है।



### बांग्लादेशियों ने सुप्रीम कोर्ट को घेरा

ढाका,10 अगस्त। आज सैकड़ों बांग्लादेशी प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट को घेर लिया और मुख्य न्यायाधीश ओबैदुल हसन को दोपहर एक बजे तक इस्तीफा देने की चेतावनी दी है। भीड़ ने दूसरे जजों को भी अपना पद छोड़ने के लिए कहा है। डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने धमकी दी है कि अगर न्यायाधीश समय सीमा से पहले इस्तीफा नहीं देते हैं तो वे उनके आवासों का घेराव करेंगे। आपको बता दें कि सुबह करीब 10.30 बजे छात्रों और वकीलों समेत सैकड़ों प्रदर्शनकारी सुप्रीम कोर्ट परिसर में इकट्ठा होने लगे और मुख्य न्यायाधीश के इस्तीफे की मांग करने लगे। बांग्लादेश की नवगठित अंतरिम सरकार ने शुक्रवार को 'बड़े देशों' के साथ ढाका के संबंधों में 'संतुलन' बनाये रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। देश मामलों के सलाहकार एवं पूर्व विदेश सचिव मोहम्मद तौहीद हुसैन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कानून एवं व्यवस्था बहाल करना इस समय अंतरिम सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है तथा पहला लक्ष्य हासिल हो जाने के बाद अन्य कार्य भी हो जाएंगे।

## हाथी ने चार लोगों को कुचलकर मार डाला

**जशपुरनगर,10 अगस्त।** हाथी समस्या से जूझ रहे जशपुर जिले में शुक्रवार और शनिवार की मध्य रात बड़ी घटना हो गई। दल से अलग हो कर भटक रहे दंतैल ने कच्चे मकान को निशाना बनाया। कच्चे मकान को दाँत से गिराने के दौरान जान बचाने के लिए भाग रहे परिवार के तीन लोगो को कुचल दिया। चीख पुकार सुनकर मौके पर सहायता के लिए पहुँचे पड़ोसी को भी दंतैल ने कुचल दिया। घटना जिले के बगीचा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 9 की है। जानकारी के अनुसार मध्य रात लगभग 9 बजे हाथी यहाँ पहुंचा था। हाथी ने रामकेश्वर सोनी के कच्चे मकान को निशाना बनाया। इस समय रामकेशवर सोनी परिवार सहित सो रहे थे। दंतैल ने जैसे ही घर के दीवार को गिराया,उनकी नींद खुली तो सामने में हाथी खड़ा हुआ था। हाथी को देख कर जान बचाने के लिए रामकेश्वर परिवार सहित बाहर भागने का प्रयास किया। इसी दौरान हाथी ने रामकेशवर सोनी 35 वर्ष,उसकी बेटी रविता सोनी 9 वर्ष और छोटे भाई अजय सोनी 25 वर्ष को कुचल कर मार दिया। चीख पुकार सुन कर सहायता के लिए पहुँचे पड़ोसी अश्वनी कुजूर को भी हाथी ने सुढ से खींच कर पैरो से कुचल दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में डर का वातावरण बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि बीते 25 दिनों में हाथी के हमले की अलग अलग घटना में 9 लोगो की जान चुकी है।

### नंदकुमार बघेल के सलाहकार की नक्सलियों के साथ गिरफ्तारी पर सवाल

## बताएं ये रिश्ता क्या कहलाता है : संतोष पांडेय

**रायपुर,10 अगस्त।** मोहला-मानपुर पुलिस ने 4 नक्सलियों समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है, इनमें से एक विवेक सिंह के दिवंगत नंदकुमार बघेल का सलाहकार होने का आरोप लगाते हुए भाजपा सांसद संतोष पांडेय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सवाल किया है कि बताएं यह रिश्ता क्या कहलाता है. भाजपा सांसद संतोष पांडेय ने मीडिया से चर्चा में कहा कि गिरफ्तार किया गया विवेक सिंह स्वर्गीय नंदकुमार बघेल का सलाहकार रहा है. उसके नक्सलियों के साथ 7 लाख रुपए की लेन-देन की जानकारी भी सामने आई है. इससे स्पष्ट है कि नंदकुमार बघेल के नक्सलियों से संबंध थे. वे मोहला मानपुर के अंदरूनी क्षेत्रों में जाकर बैठकें लेते थे. अब भूपेश बघेल बताएं यह रिश्ता क्या कहलाता है. सांसद संतोष पांडे ने लोकसभा सत्र में रेल के मुद्दे को लेकर कहा कि 18वीं लोकसभा बजट सत्र पोटेंशियल रहा. बजट में सभी क्षेत्रों का ध्यान रखा गया. छत्तीसगढ़ में रेलवे में ही 6 हजार 922 करोड़ का प्रावधान है, जिसके अमृत स्टेशन, ओवर ब्रिज, तीसरा ट्रेक बहुत से निर्माण होंगे.



लोकसभा में बृजमोहन अग्रवाल के सवाल पर कांग्रेस के सवाल उठाने पर संतोष पांडे ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय से 18 गुना ज़्यादा बजट है. कांग्रेस के समय में कुछ भी नहीं था. कम से कम कांग्रेस इस प्रकार की बात ना करे. मनमोहन सरकार के कार्यकाल में सभी रेलवे गति को अवरुद्ध कर दिया था. कांग्रेस सरकार में 5 बजे शाम में पहुँचे वाली ट्रेन अगले दिन पांच बजे पहुंचती थी.

बांग्लादेश की स्थिति कांग्रेस की चुप्पी पर सांसद ने कहा कि हमास ने जब इजराइल पर हमला किया था, तब राहुल गांधी कहाँ थे. जो इसराइल के पक्ष में बोलते वो हमास के पक्ष में बोल रहे थे. हिंदुस्तान के अंदर कांग्रेस के प्रवक्ता हमास के पक्ष में बोलते थे.

## चिकित्सालय बलौदाबाजार को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र

**बलौदाबाजार,10 अगस्त।** स्वास्थ्य विभाग के लिए एक और बड़ी उपलब्धि है. बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्राप्त है. इसके पहले भी जिला चिकित्सालय को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है. जून 2024 में जिला चिकित्सालय में दी जा रही सेवाओं का तीन दिवसीय परीक्षण राष्ट्रीय स्तर से आई जांच टीम ने किया.

इस टीम में भुवनेश्वर से डॉ. सुब्रज्योति राव, लखनऊ से डॉ. रूपेंद्र कुमार और दिल्ली से ऋतु नायर सम्मिलित रहे, जिन्होंने अस्पताल के 15 विभागों का बहुत ही बारीकी से निरीक्षण कर व मार्किंग की. परीक्षण के बाद अंतिम रूप से जिला अस्पताल उक्त मानकों पर खरा उतरा और प्रमाण पत्र जारी हुआ. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में इसकी पूरी तैयारी की गई. राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र जिसे एन क्यू ए एस भी कहा जाता है, अस्पतालों में दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता जांचने की भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा शुरू की गई मूल्यांकन व्यवस्था है. किसी संस्था को उक्त प्रमाण पत्र मिलना बेहतर होती सुविधा को प्रकट करता है.

## पांच महिला समेत 11 नक्सलियों ने किया सरेंडर




**सुकमा,10 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस के दिन कोंटा क्षेत्र के अंदरूनी गांव के 11 नक्सलियों ने संगठन छोड़ कर मुख्यधारा में वापसी कर ली है। इनमें से पांच महिलाएं हैं। ये सभी जनजातीय समुदाय से हैं। वे सरकार की पुनर्वास नीति और नियद नेल्ला नार योजना से गांव में हो रहे विकास कार्य से प्रभावित थे। नक्सलियों का दबाव कम होते ही संगठन में नीचले स्तर पर सक्रिय रहे इन नक्सलियों ने बंदूक की जगह विकास का मार्ग चुना और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें एक लाख की इनामी नक्सली गोलापल्ली एलओएस सदस्य सोड़ी भीमे पिता सोड़ी सोमा, रासातोंग पंचायत डीएकेएमएस सदस्य पोड़ियाम हुंगा पिता स्व. एर्रा, रासातोंग पंचायत केएएमएस सदस्य मड़कम पिता भीमा, ओयाम जोगी पति ओयाम हुंगा, अरलमपल्ली पंचायत स्कूल कमेटी अध्यक्ष दूधी हांदा पिता हड़मा, पालाचलमा पंचायत मिलिशिया सदस्य पदाम कोसी पिता पदाम केशा, अरलमपल्ली आरपीसी डीएकेएमएस उपाध्यक्ष मड़कम देवे पिता स्व. हिड़मा, कोराजगुड़ा आरपीसी मिलिशिया सदस्य माड़वी सन्ना पिता देवा, वेट्टी भीमा पिता देवा, वेक्को आयता पिता हुंगा, दुलेड़ आरपीसी मिलिशिया सदस्य मड़कामी बुधु पिता जुन्नू, है।

### नोएडा की हाईराइज सोसायटी में चल रही थी रेव पार्टी, नशे में धुत मिले दर्जनों छात्र

**नोएडा ,10 अगस्त।** यूपी के नोएडा की हाईराइज सोसायटी के एक फ्लैट में एक हाई प्रोफाइल रेव पार्टी का मामला सामने आया है। यहां नशे में धुत दर्जनों छात्रों ने हंगामा किया, जिसके बाद सोसाइटी के लोगों ने पुलिस बुला ली।जानकारी के मुताबिक, थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा बिल्डिंग के एक फ्लैट में शुक्रवार देर रात पुलिस ने रेड की। पुलिस ने जब इस फ्लैट पर छापा मारा तो यहां दो दर्जन से ज्यादा युवक और युवतियां मौजूद थे। पुलिस को कार्रवाई के दौरान पता चला कि फ्लैट में हाईप्रोफाइल पार्टी चल रही थी। पार्टी के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें पूछने पर एक छात्र नोएडा एमिटी यूनिवर्सिटी और दूसरा मणिपुर कॉलेज जयपुर का बता रहा है।

## बस्ती में टहल रहे मगरमच्छ का ग्रामीणों ने किया रेस्क्यू



**रतनपुर,10 अगस्त।** नगरपालिका वार्ड क्रमांक 5 रानीपारा स्थित बिकमा तालाब से लगे खेत में विशालकाय मगरमच्छ मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया. ये मगरमच्छ बस्ती से लगे खेत में घूम रहा रहा था। ग्रामीणों की जब इस पर नजर पड़ी तो वह दहशत में आ गए. खबर आग की तरह फ़ेल गयी और उसे देखने के लिए मोहल्ले के बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों तक का हुजूम लग गया. मगरमच्छ बस्ती से लगे खेत में खुलेआम घूम रहा था। बच्चों और बुजुर्गों पर मंडराते खतरे को देखते हुए ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर जाल में भारी भरकम मगरमच्छ को रस्सी से कैद कर लिया.

### आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल, पेरिस : 2024 नीरज चोपड़ा बने भारत के महान एथलीट

jasclaudius@gmail.com

## चोट छिपाकर, देश को पदक दिलाकर,चले गए चुपचाप...

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

एथलेटिक्स खेल का एक इवेंट भालाफेंक है पिछले सात वर्षों से नीरज चोपड़ा इस खेल में एक सनसनी की तरह हैं। 24 दिसम्बर 1997 को हरियाणा के पानीपत में जन्म लेने वाले नीरज चोपड़ा ने सिर्फ 11 वर्ष की उम्र में भालाफेंक के खेल को अपना कैरियर बना लिया था। शुरुवाती दौर में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक सहित कई पदकों पर कब्जा जमाने वाले नीरज की प्रतिभा का पता पोलैंड में 2016 में सम्पन्न आईएएफ अंडर-20 वर्ग क विश्व चैंपियन बनने के बाद पता चला। तब उन्होंने जूनियरवर्ग का में विश्व कीर्तिमान 86.48 मीटर भाला फेंककर बनाया। सिर्फ 19 वर्ष की आयु में उनके इस चमत्कारिक प्रदर्शन ने उन्हें विश्व के एथलेटिक्स खेल मंच पर सर्वाधिक प्रतिभाशाली एथलीट के रूप में स्थापित कर दिया। नीरज चोपड़ा के अंदर अपने द्वारा देश के लिए कुछ कर गुजरने की चाहत पनप गई इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं जिसमें ओलंपिक खेल 2020 व 2024, विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई चैंपियनशिप, दक्षिण एशियाई खेलों, विश्व जूनियर, एशियन जूनियर चैंपियनशिप में 2016 से अगस्त 2024 तक की अवधि में 8 स्वर्ण, 1 रजत तथा 1 कांस्य सहित 10 पदकों को अपने नाम किया है। पानीपत शहर के छोटे से गांव खांद्रा के किसान परिवार के इस नौजवान ने अपने अंदर की प्रतिभा को हमेशा ही आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया तभी तो पेशे से छोटे से किसान सतीश कुमार और गृहणी माता सरोज देवी की इस संतान ने अपने खेल जीवन के आरंभिक वर्षों में उचित खेल सामग्री, मार्गदर्शन और धन के अभाव के बावजूद अपनी प्रतिभा को बढ़ाने के लिए कोई बहाना नहीं बनाया।

भालाफेंक के खेल में काफी सतर्कता के साथ 2.5 मीटर लंबे भाला को जितना संभव हो उतना दूर फेंका जाता है। भाला फेंकने के लिए एक पूर्व निर्धारित क्षेत्र में दौड़कर गति प्राप्त करना होता है। किसी तरह फाउल ना हो इसलिए तीन बातों का विशेष ध्यान एथलीट को रखना पड़ता है। एक-थ्रो करने




वाले हाथ में कोई दास्ताना नहीं पहनना चाहिए। दो-भाले को फेंकने के पहले एक हाथ से पकड़ना चाहिए तीन-थ्रो करने से पहले भाला को अपने कंधे के उपर उठाना चाहिए ताकि यह एथलीट के सिर के बराबर रहे। इस तरह हम कह सकते हैं कि जेवलिन थ्रो में शक्ति, संतुलन, क्षेत्र सीमा पाबंदी, गति और पूर्वानुमान का विशेष होता है। इस तरह भालाफेंक के खिलाड़ी को सतर्क और सजग होना चाहिए। दूसरे थ्रोवर के परिणाम का भी ध्यान रखा जाना अत्यंत आवश्यक होता है। अतः हम कह सकते हैं कि एक भाला फेंकने वाला जब एरिना में आकर अपनी प्रतिभा को दिखलाता है तो उसे पूर्णतः स्वस्थ होना जरूरी है। नीरज ने 89.45 मीटर तक भाला फेंककर रजत पदक हासिल किया। इस खेल में भाला फेंकने के लिए 6 अवसर मिलते हैं। नीरज ने दूसरे ही प्रयास में अपने खेल जीवन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। लेकिन उनके अन्य पांच कोशिशें फाउल हुए।

यह तो अच्छा हुआ कि नीरज ने अपनी एक मात्र सफल कोशिश में 89.45 मीटर की दूसरी तक भाला फेंका जिससे वे दूसरा स्थान प्राप्त कर सके फिर तीसरा कोई अन्य खिलाड़ी इस दूरी को पार नहीं कर सका। नीरज जब मीडिया से मुखातिब हुए तो उन्होंने इस बात का रहस्योद्घाटन किया कि वे पूरी तरह स्वस्थ नहीं थे और चोटिल होने के बावजूद इस स्पर्धा में भाग लेने का साहस जुटा सके क्योंकि उन्हें भरोसा था कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे और देश के गौरव को बढ़ा सकेंगे। नीरज ने बताया कि वे पिछले कुछ वर्षों से (ग्रोइन स्ट्रेन पेट का निचला हिस्सा और जननांग के आसपास जांघों की मांसपेशियों की समस्या) से जूझ रहे हैं। इसी वजह से उन्हें 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों से अलग होना पड़ा था। फिर इस वर्ष उन्हें एडक्टर (जांघों को जोड़ने वाली मांसपेशियों की समस्या) ने काफी परेशान किया है। जो लोग नीरज की क्षमता पर प्रश्न उठा रहे हैं उनके लिए जवाब दिया कि इतना सबकुछ होने के बावजूद 89.45 मीटर अपना सर्वश्रेष्ठ फेंका जबकि मेरा ध्यान मेरी चोट और तकनीक की तरफ भी था। जो भी हो नीरज ने ओलंपिक खेलों में किसी भारतीय एथलीट के द्वारा एक स्वर्ण, एक रजत जीतने का जो अद्‌भुत कीर्तिमान स्थापित किया है वह भारत की आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है।

## उपराष्ट्रपति के खिलाफ प्रस्ताव पर 87 सांसदों के हस्ताक्षर

**नई दिल्ली,10 अगस्त।** संसद सत्र के हंगामेदार अंत के बाद विपक्ष राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित करने पर विचार कर रहा है। संसद सत्र शुक्रवार (9 अगस्त) को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था, लेकिन सोमवार (12 अगस्त) को समाप्त होना था। धनखड़ और इंडिया ब्लॉक पार्टियों के बीच संबंध तब बिगड़ गए जब सूत्रों ने कहा कि वे उपराष्ट्रपति को उनके पद से हटाने के लिए प्रस्ताव पेश करने के लिए नोटिस जमा करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, इस तरह के कदम की तकनीकी बातों पर कोई स्पष्टता नहीं है क्योंकि सदन का सत्र नहीं चल रहा है।सूत्रों के अनुसार, नोटिस के समय पर चर्चा की जानी है और निर्णय लिया जाना है। हालांकि प्रस्ताव पारित नहीं हो सकता है क्योंकि विपक्षी दलों के पास उन्हें हटाने के लिए पर्याप्त संख्या नहीं है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि यह अध्यक्ष के ÷स्पष्ट रूप से और लगातार पक्षपातपूर्ण÷ दृष्टिकोण को उजागर करने वाला एक बयान होगा। विपक्षी सूत्रों ने कहा कि धनखड़ के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के प्रस्ताव पर 87 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं। एक सूत्र ने कहा कि लगभग दो दिन पहले सदन के नेता जेपी नड्डा को अनौपचारिक रूप से बताया गया था कि विपक्ष उपराष्ट्रपति को हटाने के लिए प्रस्ताव पेश करने पर विचार कर रहा है।सूत्र ने कहा कि विपक्षी दलों के लिए यह बात बहुत चिंताजनक है कि नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का माइक बार-बार बंद किया जाता है। सूत्र के अनुसार, विपक्ष चाहता है कि सदन नियमों और परंपरा के अनुसार चले और सदस्यों के खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणियां अस्वीकार्य हैं। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया') के कई अन्य घटक दलों ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ का रवैया पक्षपातपूर्ण दिखाई देता है तथा हालत यह है कि नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने नहीं दिया जाता और उनका माइक बंद कर दिया जाता है।

# विधायक देवेंद्र ने मां दंतेश्वरी से मांगा शहरवासियों के लिए सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

**भिलाई, 10 अगस्त ।** हर साल की तरह इस साल भी विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज ने शुक्रवार को भव्य रैली निकाली। जिसमें हजारों की संख्या में शहरवासी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ी और हमारे आदिवासी भाई-बहनों ने हमारी संस्कृति परंपरा की मनमोहक झांकी इस रैली में प्रस्तुत की। भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव भी हर साल की तरह इस साल भी रैली में शामिल हुए। सबसे पहले उन्होंने मां दंतेश्वरी की विधि-विधान के साथ साथ पूजा अर्चना की। श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए और विधायक देवेंद्र यादव ने भगवान बूढ़ा देव से आदिवासी समाज के हित और विकास के साथ ही सभी के जीवन में समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। पूजा अर्चना के



बाद विधायक देवेंद्र यादव समाज के प्रभुत्व जनों से मिले और कार्यक्रम में शामिल हुए। समाज के लोगों ने शहर में रैली निकाली। जिसमें शामिल हुए। समाज के लोगों ने भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को आदिवासी गमछा व ड्रेस पहनाकर सम्मानित किया। इस विषय पर उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्रदेश के यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पूरे आदिवासी समाज की ओर से दिल से आभार जताया। विधायक देवेंद्र यादव ने लोगों को याद दिलाते हुए कहा कि आदिवासियों के हित और विकास के लिए उनके समग्र विकास के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो प्रयास किया है वह बेहद सराहनीय और ऐतिहासिक है। आदिवासी दिवस पर पूरे प्रदेश में सरकारी अवकाश घोषित करने की पहल पूरे प्रदेश में पूर्व सरकार ने की थी। इसके लिए विधायक देवेंद्र यादव ने एक बार फिर से उनका सभी का आभार जताया।

### रेत का दाम ज्यादा होने से मकान बनाने वालों का बजट प्रभावित

**कवर्धा, 10 जुलाई।** कबीरधाम जिले में रेत का दाम बदने से निर्माण कार्यों में भी महंगाई का असर दिख रहा है । लोग अपने लिए सुंदर आवास बना रहे है लेकिन रेत महंगी होने के कारण बजट पर भी असर पड़ रहा है और चिंतित दिख रहे है । सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार भी परेशान दिखे उन्होंने कहा क्या बताए रेत बहुत महंगी हो गई है और मन को चिंतित करती है ।

## एक नजर

### 64 लाख रुपये का संदिग्ध लेनदेन



**भिलाई, 10 अगस्त।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र दो साल पहले दुबई से लौटे एक आरोपित ने परिचित के दस्तावेज और उसके नाम से लिए गए सिम का इस्तेमाल कर एक खाता खुलवाया और 64 लाख रुपये का संदिग्ध लेनदेन कर दिया इस पर बैंक ने खाते को ब्लाक कर दिया और पीड़ित को इसकी सूचना दी पीड़ित के बैंक जाने पर आरोपित के कृत्य की जानकारी हुई इसके बाद उसने छावनी पुलिस से शिकायत की पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा और मामले में आगे की जांच कर रही है छावनी पुलिस ने बताया कि कैंप-दो पुराना मछली मार्केट निवासी पीड़ित मोहम्मद साहिल की शिकायत पर कैंप एक निवासी तबरेज खान के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की गई है दो साल पूर्व आरोपित दुबई से लौटा था और पीड़ित से कहा था कि उसके पास यहां के दस्तावेज नहीं हैं, इसलिए उसने बैंक खाता खुलवाने के लिए पीड़ित के दस्तावेज और उसके नाम पर जारी एक मोबाइल नंबर मांगा आरोपित ने यह विश्वास दिलाया था कि वह उसके नाम पर खोले गए खाते को एक महीने में बंद करवा देगा परिचित होने के कारण पीड़ित ने भी विश्वास कर लिया और अपना आधार, पैन कार्ड व एक नया नंबर लेकर उसे दे दिया आरोपित ने उसके दस्तावेजों का इस्तेमाल कर कोटक बैंक दुर्ग शाखा में आरके कलर्स नाम की फर्जी संस्था का खाता खुलवाया और दो महीने में उस खाते में 64 लाख रुपये का संदिग्ध लेनदेन किया था पीड़ित ने आशंका जताई है कि आरोपित ने उसके नाम के खाते का इस्तेमाल आनलाइन सट्टा के फिोटो..6

### 30 लाख के बकायादार के यहां सामान जब्ती की कार्रवाई



**भिलाई, 10 अगस्त ।** लगभग 30 लाख के बकाया राशि के कारण मुकेश वर्मा, इंदु वर्मा के यहां सामान जब्ती की कार्यवाही की गई। कलेक्टर रायगढ़ एवं तहसीलदार खरसिया के आदेश के बाद जब्ती की कार्रवाई पूरी की गई। कार्यवाही एनफोर्समेंट डायरेक्टर सूर्यकान्त यादव के नेतृत्व में योजनाबद्ध तरीके से ताला मार कर पूरे परिसर को सील किया गया। एक एक कर को भी जेसीबी मशीन से उठाकर जब्ती बनाई गई। इस पूरी कार्यवाही में इंडियन ओवरसीज बैंक के प्राधिकृत अधिकारी राजेश यादव शाखा प्रबंधक सिद्थ दुबे, माल जमादार, राजस्व निरीक्षक, थाना खरसिया से महिला एवं पुरुष बाल कोटवार एवं तहसील कार्यालय का अमला मौजूद था। लगभग 30 लाख के बकाया राशि के कारण मुकेश वर्मा, इंदु वर्मा के यहां कार्यवाही की गई।

### फर्जी सिम बेचने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 10 अगस्त।** भिलाई लूट मामले में फर्जी सिम बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शंकर नगर दुर्ग निवासी साहिल वासनिक, अवनाश कसेर को गिरफ्तार किया गया। दोनों युवको ने वर्ष 2023 में डिलवरी बॉय से लूटपाट कर फरार हो गए थे। दोनों युवकों ने पीड़ित के बैग से आईफोन तीन नग लेकर फरार हो गए थे। जिसकी शिकायत कोतवाली दुर्ग पुलिस थाने में शक्ति नगर दुर्ग निवासी रवि देवांगन ने किया था उसके बाद से पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए तलाश में जुटी थी उक्त दोनों आरोपी फर्जी सिम भी बेचा करते थे। दो मोबाइल भी जब्त किया ।

### स्वतंत्रता सप्ताह,हर घर तिरंगा अभियान,जोश और जज्बे के साथ प्रचार-प्रसार में जुटा निगम प्रशासन

**दुर्ग,10 अगस्त।** स्वतंत्रता सप्ताह 09 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल कियान्वयन के लिए राज्य शासन के आदेश एवं कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा निर्देश पर नगर पालिक निगम में हर घर तिरंगा मोटर साइकिल रैली का शुभारंभ आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा किया गया।आजादी का अमृत महोत्सव ÷हर घर तिरंगा' अभियान का आयोजन 09 अगस्त से 15 अगस्त तक शहर,प्रदेश एवं देशभर में होना है। इस अभियान का उद्देश्य व्यक्तियों को प्रेरित करना है कि वे अपने आवासों पर गर्व से राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित करें।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के नेतृत्व में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,शौएब अहमद,सूरज सारथी सहित निगम अमला व कर्मशाला टीम द्वारा मोटर साइकिल रैली निगम कार्यालय से पटेल चौक होते हुए स्टेशन रोड सहित अन्य जगहों तक वापस रैली निगम कार्यालय पहुँची।इस अवसर पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर तिरंगा शपथ दिलाई।मैं शपथ लेता हूं कि मैं तिरंगा फहराऊंगा, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों की भावना का सम्मान करूंगा और भारत के विकास और प्रगति के लिए खुद को समर्पित करूंगा।भारत माता की जय।उन्होंने इस राष्ट्रव्यापी अभियान में शहर के सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे 9 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों,कार्यालयों आदि पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर हर घर तिरंगा अभियान के जश्न में शामिल हों।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अमले के साथ हर घर तिरंगा अभियान के तहत जागरूकता रैली मोटरसाइकिल निकाली गई जिसमें जोर शोर से भारत मां के नारे लगाए गए। यह अभियान नागरिकों के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करने के साथ ही राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम भी करेगा।

# गौमाता को आवारा पशु कहना कांग्रेसियों की विकृत मानसिकता को दर्शाता है:हर्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 10 अगस्त।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एव सदस्य जिला पंचायत दुर्ग श्रीमती हर्षा लोकमणी चंद्राकर ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सत्ता से जनता के द्वारा बेदखल किए जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छटपटाहट अब सामने आने लगी है , लगता है कांग्रेस में संगठन नाम की कोई महत्व नहीं रह गया है तभी तो केवल भूपेश बघेल की चलती है जो मनमाने ढंग से कोई भी कार्य हो पाटन से प्रारंभ होती है भूपेश जी कांग्रेस संगठन पर हावी है श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की सरकार ने गरवा के नाम पर योजना लाकर ईमानदारी से काम नहीं कर केवल पैसों का दुरुपयोग किया है आज जब सत्ता में नहीं है तो अब



उसी गरवा का ध्यान आ रहा है कांग्रेस के शासन काल में योजना संचालित होने के बावजूद क्रियान्वयन कभी नहीं हो पाया केवल खाना पूर्ति होते रही है गौमाता सड़कों पर ही विचरते रहती थी जिससे सड़क दुर्घटना में अनेक गौमाता के साथ साथ वाहन चालक घायल हुए है या उनकी असामयिक मौत हुई है।श्रीमती चंद्राकर ने आगे कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है मुख्यमंत्री मान विष्णु देव साय ने केवल सात महीने में ही किसानों, महिला बहनों, युवा साथियो, के लिए इतना कुछ कर दिए है कि अब विपक्षीयो के पास कोई मुद्दा नही राह गया है इसलिये कांग्रेसी अब बेवजह मुद्दा बना कर किसानों को भरमाने का कार्य कर रहे है। गौठान योजना के नाम पर घोटाला कर अपने तिजोरी भरने वाले कांग्रेस के लोग आज गऊ माता को आवारा पशु का नाम दे रहे है सभी शर्म बेच खाए है कांग्रेस शासन के समय से गौठान योजना से लाभ कमाने वाले भूपेश बघेल भूल गए कि उन्हीं गौमाता का श्राप है जो अभी सत्ता से बेदखल है।

# दासगुप्ता ने किया 2 दिवसीय माइनिंग मीट का उद्घाटन




**भिलाई, 10 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के खनन विभाग के तत्वावधान में सेल की छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड एवं टाटा स्टील लिमिटेड के खान समूहों की दो दिवसीय माइनिंग मीट का उद्घाटन 09 अगस्त को भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अपने उद्बोधन में निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने उत्पादकता एवं सस्टेनेबिलिटी में सामंजस्य स्थापित करते हुए खनन बिरादरी को प्रकृति से प्राप्त लौह अयस्कों का वैज्ञानिक पद्धति से दोहन कर, पर्यावरण को संरक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही निदेशक प्रभारी ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में निम्न श्रेणी लौह अयस्क को उच्च गुणवत्ता वाले लौह अयस्क में प्रसंस्करित कर, उसे इस्पात संयंत्र में गलाने से कार्बन उत्सर्जन में कमी को न केवल संयंत्र अपितु सम्पूर्ण देश हित में बताया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी, कार्यपालक निदेशक जयदीप दास गुप्ता, कार्यपालक निदेशक अलोक वर्मा, चीफ एंड एजेंट डी. विजयेन्द्र तथा कार्यवाहक कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार एवं विभिन्न खदानों के प्रतिनिधि गण उपस्थित थे। प्रथम दिवस के सत्र के समापन समारोह कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय व कार्यपालक निदेशक डॉ. अशोक कुमार पंडा एवं कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

### बीएसपी ने किया सड़क चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ

**भिलाई, 10 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के



नगर सेवाएं विभाग द्वारा आवागमन को अधिक सुविधाजनक बनाने हेतु सड़क चौड़ीकरण के कार्य का उद्?घाटन कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय एवं कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा 09 अगस्त को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक अनुराग उपाध्याय, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक प्रभारी समीर गुप्ता, महाप्रबंधक सुश्री राधिका श्रीनिवासन, महाप्रबंधक एस के बंसल, महाप्रबंधक एच शेखर, महाप्रबंधक विष्णु कुमार पाठक, महाप्रबंधक डॉ एन के जैन, उप महाप्रबंधक आर गर्ग, उप महाप्रबंधक डी सी सिंह, सहायक महाप्रबंधक के के साहू, सहायक महाप्रबंधक सरोज कुमार झा और उप प्रबंधक सुकदेव सोनवानी सहित अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# दपूमरे की महाप्रबंधक ने किया पीपी यार्ड एवं इलेक्ट्रिक लोको शेड का निरीक्षण

**भिलाई, 10 अगस्त।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल की महाप्रबंधक सुश्री नीनु इटियेरा ने शुक्रवार 9 अगस्त को रायपुर रेल मंडल के पी पी यार्ड एवं इलेक्ट्रिक लोको शेड-भिलाई का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार सहित बिलासपुर मुख्यालय के प्रधान विभागाध्यक्ष रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं पर्यवेक्षक मौजूद रहे । महाप्रबंधक ने पी पी यार्ड भिलाई में स्थित वैगन पार्क का निरीक्षण किया। एयर ब्रेक के कन्वेंशनल एयर ब्रेक सिस्टम एवं बीएमबीएस बोगी माउंटेन ब्रेक सिस्टम के माडल को देखा। पी पी यार्ड में व्हील शॉप का निरीक्षण किया जहां पर वैगन के व्हील एवं उनके फेलियर होने के कारण बॉक्सएन वैगन के डोर के प्रॉपर ओपनिंग क्लोजिंग को देखा। यार्ड में निरीक्षण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भारतीय रेलवे में पहली बार इलेक्ट्रिक लोको शेड (ई एल एस) भिलाई को ट्विन लोको मिला है। ट्विन लोगों चितरंजन लोको वर्कशॉप से निर्मित है इस लोको का मेंटेनेंस भिलाई लोको शेड में होता है यह अन्य इलेक्ट्रिक लोगों से अत्यधिक क्षमता वाला



लगभग दुगनी क्षमता का लोको है। इलेक्ट्रिक लोको के संचालन में उपयोग होने वाले कूलेंट ऑयल रबर इक्विपमेंट ग्रीस इत्यादि की जांच के लिए निर्मित धातु विज्ञान शाला का भी निरीक्षण किया। महिला कर्मियों के साथ उनके तकनीकी कार्यों की जानकारी ली। यह महिलाएं वेल्डर टर्नर मशीनिस्ट शाहिद सभी तकनीकी कार्यों को परिश्रम के साथ करती हैं। महाप्रबंधक ने इलेक्ट्रिक लोको शेड में महिला कक्ष की सौगात महिला रेल कर्मियों को दी। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण भी किया।

# भिलाई-चरौदा में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का शुभारंभ

**भिलाई-चरौदा।** नगर निगम भिलाई-चरौदा द्वारा शुक्रवार 09 अगस्त को हर घर तिरंगा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि शासन से प्राप्त निर्देश के अनुसार 09 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक के कालखंड को स्वतंत्रता सप्ताह के रूप में मनाया जाना है। स्वतंत्रता सप्ताह के तहत निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सम्मिलित रूप से तिरंगा रैली निकाली गयी। जिसमें हर घर तिरंगा का संदेश दिया गया। निगम कार्यालय से प्रारंभ कर बाजार चौक भिलाई-03 फिर मुख्य सड़क से होते हुए पुलिस थाने के सामने से निगम कार्यालय तक पहुंचकर रैली का समापन किया गया। रैली की अगुवाई निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत द्वारा की गयी। इस दौरान मौजूद सभी कर्मचारियों द्वारा देश भक्ति की भावना से भरे हुए नारे लगाये गये। विजयी विश्व तिरंगा प्यारा और



स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के साथ हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा का उद्घोष करते हुए रैली का नगर भ्रमण कार्यक्रम पूरा हुआ। कर्मचारियों द्वारा कार्यालय के प्रवेश द्वार पर एकत्र होकर तिरंगा प्रतिज्ञा ली गई जिसमें स्वतत्रंता सेनाननयों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए भारत राष्ट्र की प्रगति व उन्नति के ले लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प उपस्थित जनो द्वारा लिया गया। कार्यक्रम में निगम के अधिकारी सहायक अभियंता डी.के.पांडेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता हेमंत साहू, उप अभियंता मुकेश चन्द्राकर, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता किसलय साहू, उप अभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता वैभव त्यागी, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव, मिशन मैनेजर आदित्य भटनागर, सुरेश नासरे, राजू वर्मा,तोरण चन्द्राकर, टिकेन्द्र शर्मा, श्यामता साहू, यशवंत ठाकुर, चेतन देवांगन, अविनाश चन्द्राकर, मुकेश यादव, हरीश यादव, श्याम सुन्दर सिंह, चुम्मन साहू, टिकेन्द्र गोस्वामी, गौरव वर्मा,पवन सोनी, विक्रम यादव, डिकेश वर्मा, मनोज मैथिल, पुरानिक साहू, भीषम वर्मा, दीपक चन्द्राकर, भूपेन्द्र कुमार,लाल राम साहू, पुरबल, बलराम चेलक, मो. यासीन, श्रीमती कुंती वर्मा, ममता बंछोर, कविता यादव, प्रमिला देशमुख ये सभी अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# दादा की हत्या के आरोपी पोते को पुलिस ने गिरफ्तार किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 अगस्त।** भिलाई धमधा थाना क्षेत्र के ग्राम रूहा में दादा की हत्या करने वाले पोते को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित ने रात को घर के देवता के फोटो पर ईंट फेंक दी थी। इससे नाराज होकर दादा ने उसे गाली दी थी और डंडे से मारा था। आक्रोशित होकर आरोपित ने दादा से डंडा छीनकर उसी से उसका गला दबा दिया और हत्या कर दी। पुलिस ने पोते के खिलाफ हत्या की धारा के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा है धमधा टीआई पी डि चन्द्रा ने बताया कि रात को ग्राम रूहा निवासी फत्तेलाल साहू (65) की मौत की जानकारी मिली थी मामला संदिग्ध था पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया तो डाक्टर ने मृतक के शरीर और गले पर चोट के निशान मिलने की जानकारी दी



साथ ही ये भी बताया कि किसी राड या डंडे से गला दबने से मौत हुई है। पुलिस ने संदेह पर परिवार के सभी सदस्यों से पूछताछ की। मृतक फत्तेलाल साहू के पोता डोमार साहू (30) से पूछताछ करने पर उसने हत्या करना स्वीकार किया। आरोपित ने पुलिस को बताया कि वो बुधवार की रात करीब नौ बजे अपने घर पर गया, जहां दादा सोता था, वहीं पर देवता की फोटो भी थी। आरोपित ने उस फोटो पर ईंट फेंक दी थी इस पर दादा ने पिटाई की थी, जिससे वह नाराज था

# महिला महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन



**भिलाई, 10 अगस्त ।** भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित भिलाई महिला महाविद्यालय में दीक्षा आरंभ समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रिकेश सेन विधायक वैशाली नगर भिलाई थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी विजय कुमार गुप्ता ने की। प्रारंभ मां सरस्वती पूजन द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्या डॉ संध्या मदन मोहन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन, मैनेजिंग ट्रस्टी विजय कुमार गुप्ता एवं प्राचार्या डॉ संध्या मदन मोहन द्वारा सर्वप्रथम प्रत्येक संकाय से चयनित एन ई पी छात्रा एम्बेसडरों का तिलक लगाकर उनका महाविद्यालय में दीक्षारंभ हेतु स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विजय कुमार गुप्ता ने नव प्रवेशी छात्राओं का महाविद्यालय में स्वागत करते हुए बताया कि उनके करियर को श्रेष्ठ बनने के लिए महाविद्यालय द्वारा हर संभव प्रयास किया जाएगा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया की हायर एजुकेशन के एन.ए.पी. इम्प्लीमेंटेशन के प्रयासों में किये जा रहे, अवेयरनेस प्रोग्राम्स जिनके द्वारा पूरी सोसाइटी और सामान्य जन को जानकारी दी जा रही है, अवश्य सफल होंगे महाविद्यालय की प्रोग्रेस में ट्रस्ट और स्वयं अपने व्यक्तिगत सहयोग की बात रखी। विधायक रिकेश सेन ने छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि जिस प्रकार नवरात्रि में कन्याओं का पूजन किया जाता है इस प्रकार आज उन्हें बड़ा ही हर्ष हो रहा है की छात्राओं का तिलक लगाकर दीक्षा आरंभ करने का यह सुनहरा अवसर उन्हें प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। संचालन डॉ. निधि मोनिका शर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्या डॉ निशा शुक्ला द्वारा किया गया।

### विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया

**दुर्ग, 10 अगस्त ।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 09 अगस्त 2024 को आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित जिले के सभी शासकीय छात्रावासों, प्रयास आवासीय विद्यालय तथा विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र में आदिवासी महापुरुषों से संबंधित शैक्षणिक एवं सामाजिक, समाज सेवा, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण, गीत संगीत, आदिवासी नृत्य, भाषण, चित्रकला आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

**एक नजर**

## जिला पंचायत सीईओ ने लाईवलीहुड कॉलेज एक्सटेंशन सेंटर दिग्विजय स्टेडियम का किया आकस्मिक निरीक्षण

**राजनांदगांव 10 अगस्त।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने लाईवलीहुड कॉलेज एक्सटेंशन सेंटर दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत ने निरीक्षण के दौरान सेंटर में चल रहे प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। आजीविका विकास कार्यक्रम अंतर्गत जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी राजनांदगांव द्वारा ब्लाऊज मेकिंग कोर्स में 30 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कौशल प्रशिक्षण का संचालन प्रत्येक योजनांतर्गत उसके नियमानुसार आधार आधारित बायोमैट्रिक से उपस्थिति अथवा जिओ-टैग आधारित फोटो से ही उपस्थिति मान्य की जाती है एवं हितग्राहियों के 75 प्रतिशत उपस्थिति के आधार पर हितग्राहियों को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति होती है। जिला पंचायत सीईओ ने प्रशिक्षण केन्द्र में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण ने बताया कि राज्य कार्यालय द्वारा नवीन गाईड लाईन जारी होने के उपरांत पूर्व में पंजीकृत सभी शासकीय एवं अशासकीय वीटीपी का पंजीयन निरस्त कर दिया गया था। गाईडलाईन अर्हता के अनुरूप राजनांदगांव जिले में कुल 12 वीटीपी पंजीकृत है, जिसमें से 8 शासकीय वीटीपी एवं 4 अशासकीय वीटीपी है। वर्तमान में राजनांदगांव जिले में किसी भी शासकीय अथवा अशासकीय वीटीपी का प्रशिक्षण के विरूद्ध राशि भुगतान नियमानुसार लंबित नहीं है। शासन के नियमानुसार योजना से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में सिकलसेल जांच शिविर का आयोजन



**राजनांदगांव 10 अगस्त।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में सिकलसेल जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 900 छात्र-छात्राओं का सिकलसेल जांच किया गया, जिसमें 41 विद्यार्थियों का सिकलसेल जांच धनात्मक पाया गया। जिन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाईयां उपलब्ध कराई गई। साथ ही महाविद्यालय में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया यह एक अनुवांशिक रोग है, इसलिए जब तक खून की जांच नहीं करवाई जाए तब तक इस रोग की जानकारी नहीं मिलती है। उन्होंने बताया कि सिकल सेल रोगियों के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सिकलसेल जांच कराने की अपील की है। सिकलसेल जांच शिविर में दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर, सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र सुश्री वंदना मिश्रा, जिला प्रबंधक शहरी डॉ. पूजा मेश्राम, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत सहयोगी कार्यरत शहरी एएनएम श्रीमती सरिता निषाद, श्रीमती प्रीतिबाला रामटेके, श्रीमती धनेश्वरी साहू, श्रीमती गौरी साहू, श्रीमती चंद्रमती चंदेल, रिंकी धुर्वे, सुश्री चीना कंवर, श्रीमती सीमा साहू, श्रीमती ज्योति सिन्हा, अल्का गायकवाड़ सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सिकलसेल जांच की गई। साथ ही आयुष्मान कार्यक्रम अंतर्गत श्री वासू के द्वारा कार्ड बनाने का कार्य किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस पर भाजपा करेगी तिरंगा यात्रा हर घर तिरंगा कार्यक्रम का भी आयोजन

**रायपुर 10 अप्रैल।** शुक्रवार शाम भाजपा शहर जिला कार्यालय एकात्म परिसर में जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में सभी 15 प्रकोष्ठों की बैठक का आहूत कि गई जिसमे रायपुर शहर जिला के सभी 15 प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे आयोजित बैठक का मुख्य उद्देश्य 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पूर्व विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु विशिष्ट दिशानिर्देश प्रदान करना था आगामी 15 अगस्त के पूर्व भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा का आयोजन तय किया गया है जिसके तहत सर्वप्रथम विधानसभा वार तिरंगा यात्रा बाइक रैली का आयोजन और हर घर तिरंगा कार्यक्रम को धरातल पर क्रियान्वित करने की योजना है भाजपा द्वारा लगभग 10 लाख तिरंगे झंडे प्रदेश के प्रत्येक बूथों पर लगाने का लक्ष्य है ।

जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल ने रायपुर शहर जिला ने तिरंगा यात्रा एवं घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किए जाने के संदर्भ में कहा की प्रत्येक विधानसभा में बाइक रैली की जिम्मेदारी में सभी प्रकोष्ठों का संपूर्ण योगदान आवश्यक है साथ ही साथ हर घर तिरंगा जिसका प्रतिपादन हमे बूथों तक करना है जिस हेतु सभी प्रकोष्ठों द्वारा प्रत्येक बूथ में विभिन्न दायित्व प्रदान किए गए हैं इसकी मोनेटरिंग करके कार्यक्रम को गरिमामय बनाना है साथ ही 14 अगस्त को 10 फिट ऊंची मशाल भी जलाई जायेगी जिसमे जिला , मंडल के साथ ही सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है 14 अगस्त को ही मेडिकल कॉलेज सभागार में विभाजन के काले दिवस पर विभाजन विभीषिका पर घोष्ठी का आयोजन किया जाना है जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय , शिवप्रकाश जी और फिल्म अभिनेता आशीष विद्यार्थी उपस्थित सभागार में जनमानस को संबोधित करेंगे जहां वे स्वतंत्रता पूर्व भारत के विभाजन पर विस्तृत प्रकाश डालेंगे एवं साथ ही साथ टाउन हॉल में पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जायेगा ।

सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष संयोजकों को तिरंगा यात्रा और हर घर तिरंगा के संदर्भ में विभिन्न दायित्व सौपें गए हैं जिन्हे वे अपनी पूरी टीम के साथ जिम्मेदारी से निभाएंगे और कार्यक्रम को गरिमामय बनाने में अपना उत्कृष्ठ योगदान देंगे ।

# लोगों की सेवा और क्षेत्र विकास हमारी प्राथमिकताः विजय शर्मा

### गृहमंत्री ने 25 दिव्यांगजनों को पेट्रोल चलित स्कूटी वितरण किया



**रायपुर, 10 अगस्त।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने कवर्धा प्रवास के दौरान विधायक कार्यालय में जिले के 25 दिव्यांगजनों को पेट्रोल चलित स्कूटी वितरण किया। उन्होंने इस अवसर पर दूर-दराज से आए दिव्यांगजनों से आत्मीयता से मुलाकात की और उनकी समस्याओं से रूबरू भी हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में श्री विष्णु देव साय की सरकार आपके सहयोग और आर्थिक विकास के लिए हमेशा साथ रहेगी। उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा और क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता में शामिल है। प्राथमिकता से सभी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा दिव्यांगजनों और आमजनों की सेवा में आत्मीय खुशी मिलती है। श्री शर्मा ने इससे पहले कवर्धा आगमन के दौरान ठाकुरदेव चौक में अपने वाहन रुकवाकर आमजनों से भेंट की और सभी का हालचाल जाना। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा कबीरधाम जिले के एकदिवसीय प्रवास पर है। श्री शर्मा आज जिले के तरेगांव, रेंगाखार और कवर्धा के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में भी शामिल हो रहे हैं।

# आयुक्त ने18 एकड़ एसएलआरएम सेन्टर एवं कॉलोनी में सफाई व्यवस्था देखी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 अगस्त।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज प्रातः तकनीकी व स्वास्थ्य अधिकारी के साथ सफाई निरीक्षण के दौरान 18 एकड़, वर्धमान नगर, पूनम कालोनी में सफाई निरीक्षण कर सफाई कर्मियों से सफाई संबंधी चर्चा की एवं राजस्व वसूली के लिये इंडस्ट्रीयल एरिया के कुछ प्रतिष्ठानों के स्थल में डिमांड मिलान कर कम डिमांड पर नराजगी व्यक्त कर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक से कहा कि बिल्डिंग एवं एरिया से मिलान कर डिमांड तैयार करे तथा उसके अनुसार वसूली करे, अन्यथा कार्यवाही की जावेगी। आयुक्त श्री गुप्ता 18 एकड़ एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर घर घर कचरा संग्रहण संबंधी डिमांड रजिस्टर देख घर की संख्या तथा कितने घर से कितना कचरा आ रहा है कितना नहीं आ रहा है व वसूली संबंधी जानकारी ली। सेन्टर प्रभारी ने बताया कि घर एवं दुकान से नियमित कचरा संग्रहण कर उसके अनुसार यूजर चार्ज लिया जाता है। प्रभारी ने बताया कि कुछ घरो में किरायेदार भी रहते है, पर वे अलग से यूजर चार्ज नहीं देते। आयुक्त ने कहा कि सभी से नियमित रूप से यूजर चार्ज ले, नही देने पर स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड प्रभारी के साथ जाकर समझाईस दे व वसूली करे तथा शासन माप दण्ड के अनुरूप कचरा संग्रहण करे एवं सेन्टर में ही कचरा का निपटान करे। आयुक्त श्री गुप्ता कालोनी में सफाई निरीक्षण कर हाजरी रजिस्टर की जॉच किये व



सफाई कर्मियों से चर्चा कर कार्य करने का समय पुछकर निर्धारित समय तक कार्य करने, सड़को व गलियों की नियमित सफाई कर कचरा उठाने के निर्देश दिये एवं कहा कि बारिश का पानी भरने पर कच्ची नाली खोदकर निकासी करे। उन्होंने आर.के.नगर चौक में मवेशी पकड़ने वाले से चर्चा कर कहा कि सडकों पर बैठने व विचरण करने वाले मवेशियों को पकडे तथा मवेशी मालिकों को मवेशी बांधकर रखने समझाईस देवे, नही मानने पर अर्थदण्ड अधिरोपित करे। आयुक्त श्री गुप्ता निरीक्षण के दौरान इंडस्ट्रीयल एरिया एवं ममता नगर में राजस्व वसूली की जानकारी लेने मौका मुआयना किया, आर.डी.सी. हास्पिटल एवं होण्डा व बजाज शो-रूम का स्थल निरीक्षण कर डिमांड पंजी से मिलान किये कम डिमांड पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक पर नराजगी व्यक्त कर स्पष्टीकरण जारी करने राजस्व अधिकारी को निर्देशित किये एवं सहायक राजस्व निरीक्षक से कहा कि सही नाप कर डिमांड तैयार कर वसूली करे।

# जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन मिला ग्राम तोरनकट्टा एवं मनकी की महिलाएं प्रसन्न

**राजनांदगांव 10 अगस्त।** राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत तोरनकट्टा एवं उसके आश्रित ग्राम मनकी की दशा पहले की अपेक्षा सुधरने लगी है। यहां के ग्रामीण अब खुश है, उनके गांव के हर घर में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो गयी है। शासन की जनकल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर-नल कनेक्शन से ग्राम की महिलाएं प्रसन्न है, अब उन्हें हैंडपंप के सामने लाइन नहीं लगानी पड़ती है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा ग्राम तोरनकट्टा एवं मनकी में जल जीवन मिशन के तहत डिस्ट्रीब्यूशन 400-400 मीटर की पाइप लाइन बिछाकर दोनों ग्रामों के लगभग 304 परिवारों को नल से जल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। ग्राम तोरनकट्टा की सरपंच श्रीमती सेवती साहू ने बताया कि गांव के प्रत्येक घर में सभी को पानी मिल रहा है, जिससे पूरे गांव में खुशहाली का माहौल है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एक सतत अभियान



चलाकर शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। वार्ड नंबर 11 की श्रीमती तीरथ बाई और वार्ड नंबर 8 की श्रीमती प्रमिला साहू ने सरकार के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने बताया कि उन्हें पानी के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था, पानी के लिए लम्बी लाइन लगाना, बोरिंग एवं कुंआ पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब जल जीवन मिशन से उन्हें घर पर ही नल के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पानी मिल रहा है, जिससे उनके समय की बचत भी हो रही है। पेय जल प्रबंधन से जुड़ी सदस्य श्रीमती सीता बाई ने बताया कि हर 3 महीने में जल वाहिनियों द्वारा जल की शुद्धता का परीक्षण एफटीके किट के माध्यम से किया जाता है, ताकि सभी को गुणवत्ता युक्त पेयजल प्राप्त हो सके। स्कूली छात्रा पल्लवी यादव ने कहा कि पहले पानी की समस्या की वजह से स्कूल जाने में देरी होने के साथ ही घर के बाकि कामों में भी देरी होती थी। एक महिला के समय के साथ-साथ उनके पूरे घर वालों के समय का नुकसान होता था, किन्तु योजना के आने के बाद उन सभी के काम समय से पूरे हो रहे है। जिसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार का धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

## प्रदेश में आदिवासियों का हो रहा उत्थान : लखन लाल देवांगन

**कोरबा, 10 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बुधवारी स्थित आदिवासी शक्तिपीठ स्थल पर आयोजित मूल निवासी महोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में आदिवासी समाज ही नहीं सभी समाज के कल्याण के लिए योजनाएं बनाकर उनका उत्थान किया जा रहा है। वे एक संवेदनशील मुख्यमंत्री हैं और गरीबों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रदेश का मुख्यमंत्री आदिवासी समाज से है। देश का महामहिम राष्ट्रपति भी आदिवासी समाज से हैं। इससे बहुत गौरव की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश को विकास के रास्ते पर आगे ले जाना चाहते हैं। वर्ष 2047 तक उन्होंने विकसित भारत का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**समाचार संक्षेप**

## शराब कोचियों को शराब उपलब्ध कराने वाला मैनेजर गिरफ्तार

**राजनांदगांव 10 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन के कुशल मार्गदर्शन पर शहर में हो रहे अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले व्यक्तियों तथा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही कर अंकुश लगाने हेतु टीम गठित की गई । गठित टीम एंव सायबर टीम एंव बसंतपुर पुलिस के द्वारा मुखबिर सूचना पर आदतन



अपराधी नंदलाल ढीमर पिता लक्ष्मीनाथ ढीमर उम्र 20 साल निवासी दुर्गा चौक शिव मंदिर के पास बांसपाई पारा थाना बसंतपुर को अवैध लाभ अर्जित करने के उदेश्य से बिक्री हेतु परिवहन करते मुखबीर सूचना पर घेराबंदी कर गौरव पथ अस्पताल कालोनी, पानी टंकी के पास मेन रोड में आरोपी के पास से कुल 249 पौव्वा देशी मंदिरा शराब जुमला 44.820 बल्क लीटर देशी शराब कीमती 22,410 रूपये एवं एक नीले रंग की एक्टिवा क्रमांक छ्त्र 08,ह 0746 कीमती 40,000 रूपये तथा आरोपी द्वारा उपयोग किये गये मोबाईल ONE PLUS कीमती 15000 जुमला कीमती 77,410 रूपये को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत जप्त किया गया है । अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु शराब मंगाने वाले कोचिया एवं शासकीय देशी शराब दुकान से अवैध तरीके से शराब दिलोन वाले मैनेजर परमानंद साहू ऊर्फ पिंटु घटना दिनांक से फरार था जिसे मुखबीर की सूचना के आधार पर पकड कर पुछताछ किया गया जो अपराध मे संलिप्त होना कबुलने एंव गोलू ढीमर को बडी मात्रा मे शराब उपलब्ध कराने स्वीकार किया मामले देशी शराब भठठी के मैनेजर परमानंद साहू ऊर्फ पिंटु पिता राजेश साहू उम्र 32 साल निवासी पेण्ड्री वार्ड न0 02 थाना लालबाग जिला राजनांदगांव को विधिवत वजह सबुत मे गिर0 कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल, आरक्षक मुंजलाल ठाकुर, आरक्षक अतहर अली, चालक आरक्षक जामिन्द्र वर्मा एवं सायबर प्रभारी राजनांदगांव निरीक्षक विनय पम्मार, सायबर टीम की भूमिका सराहनीय रही ।

## राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण




**राजनांदगांव 10 अगस्त।** पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में वरिष्ठ आरक्षकों के विवेचना संबंधित प्रशिक्षण पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में दिनांक 09.08.2024 से 12.08.2024 तक प्रति दिन अलग-अलग बैच में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्रमोन्नति प्राप्त कर वेतन मैट्रिक्स 6 लेवल प्राप्त कर रहे वरिष्ठ आरक्षकों को भारत सरकार द्वारा तीन नवीन आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में दिया जा रहा है प्रशिक्षण। प्रशिक्षण के उदघाटन के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि छ0ग0 में पहली बार ऐसा हो रहा है कि बिना हवलदार का प्रमोशन लिये विवेचना का अधिकार वरिष्ठ आरक्षकों को दिया जा रहा है। पहले वरिष्ठ आरक्षक सिर्फ विवेचना में सहायता करते थे परन्तु लिखा पढ़ही का अधिकार नहीं था लेकिन अब स्वंय वरिष्ठ आरक्षक विवेचना करेंगे। यह प्रशिक्षण राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण एवं लिखित परीक्षा उपरांत अब इन वरिष्ठ आरक्षकों को दिए जाएंगे विवेचना के अधिकार। छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग द्वारा अधिसूचित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के प्रावधानों के अंतर्गत, 10 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके एवं क्रमोन्नति प्राप्त कर वेतन मैट्रिक्स 6 लेवल प्राप्त कर रहे वरिष्ठ आरक्षकों को विवेचना का अधिकार दिया जायेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप, प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, प्रभारी सोमनी निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, प्रभारी सायबर सेल विनय कुमार पम्मार प्रभारी कंट्रोल रूम निरीक्षक मनीष ध्रुर्वे, रीडर-टू-एस.पी. निरीक्षक संतोष भूआर्य, प्रभारी चुनाव सेल निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, र0 के0 राजनांदगांव से सी0आर0 चंद्रा, निरीक्षक उमेश बघेल एवं वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. चि0 चन्द्रा, प्रभारी सीसीटीएनएस, प्रभारी डीसीआरबी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## जनसमस्या निवारण पखवाड़ाः शिविर में किया गया शिकायतों का निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 अगस्त।** नागरिकों की समस्याओं का वार्ड में ही निराकरण करने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों में 27 जुलाई से जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन करने निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा 27 जुलाई से सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगातार वार्डो में शिविर आयोजित किया जा रहा है। सभी शिविरों में बडी संख्या में वार्डवासी अपनी समस्या लेकर पहुच रहे है, आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में वार्ड नं. 42,43 व 46 के लिये आयोजित शिविर में वार्डवासी उपस्थित होकर 159 मांग व 5 शिकायत सहित 164 प्राप्त दिये, जिसमें श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, के 64 प्रकरणो का त्वरित निराकरण किया गया। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश एवं उपायुक्त व नोडल अधिकारी श्री मोबिन अली के नेतृत्व में अधिकारी कर्मचारी शिविर में विभिन्न समस्याओं संबंधी आवेदन ले रहे है। आज के शिविर में संबंधित पार्षदों में श्री ऋषि शास्त्री, श्रीमती खेमिन यादव सहित सांसद प्रतिनिधि श्री देवशरण सेन, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा व श्री विजय राय, पार्षद प्रतिनिधि श्री राजेश यादव उपस्थित रहे। शिविर में मोबाईल मेडिकल युनिट के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं क्रिश्चियन फेलोशिप हास्पिटल द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया। कल शिविर के अंतिम दिन सामुदायिक भवन सिगदई में वार्ड नं. 47,49,50 व 51 के लिये शिविर आयोजित किया जायेगा। पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में वार्ड नं. 42,43 व 46 के लिये आज आयोजित शिविर में 164 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें 6 आवेदन जल विभाग के ,राशन कार्ड के 15, पेंशन के 4, जन्म-मृत्यु के 2, प्रधानमंत्री आवास योजना के 35, भवन नजूल के 18, लोककर्म के 14, विद्युत विभाग के 5 के अलावा श्रमिक कार्ड पंजीयन के लिये 12, आधार पंजीयन 19 व आयुष्मान पंजीयन 33 एवं महिला बाल विकास संबंधी 1 प्रकरण आये, प्राप्त प्रकरणों में 64 का शिविर में निराकरण किया गया, जिसमें 12 श्रमिक कार्ड बनाया गया, 33 आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया तथा 19 आधार कार्ड बनाया गया। शेष आवेदनों में राशन कार्ड बनाने, नाम जोडने घटाने, निराश्रित पेंशन, जन्म-मृत्यु, प्रधानमंत्री आवास योजना बी.एल.सी के तहत आवास निर्माण, नल कनेक्शन, लाईट लगाने तथा रोड, नाली निर्माण संबंधी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जायेगा।

## जनहित के मुद्दे को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का विषय न बनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 अगस्त।** कांग्रेस नेता जितेंद्र उदय मुदलियार ने सुरगी-कुम्हालोरी सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार और ग्रामीणों के आवागमन की सुविधाओं की अनदेखी को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव जनता से जुड़े इस मामले में आरोप-प्रत?यारोप की राजनीति को बीच में लाकर उन्हें संरक्षण देते दिख रहे हैं जो इस निर्माण कार्य में लेटलतीफी और भ्रष्टाचार के दोषी हैं। वे संबंधित ठेकेदार को प्रश्रय दे रहे हैं जबकि इस वक्त क्षेत्र की जनता के लिए उन्हें अपनी सरकार से ऐसे मामलों में कड़े एक?शन की मांग करनी चाहिए। जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि, भाजपा नेता जिस सुरगी-कुम्हालोरी सड़क मार्ग का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो जाने का दावा कर रहे हैं वह ही सबसे बड़ा झूठ है। इस सड़क में लोगों का चल पाना दूभर है। बड़े-बड़े गड्ढों से दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। कई-



कई स्थानों पर निर्माण का काम छोड़ दिया गया है। वहां आज भी पुरानी जर्जर सड़क लोगों के लिए मुश्किलों का सबब बनी हुई है। मुदलियार ने कहा कि, प्रमाण है कि ग्रामीण इस सड़क के निर्माण को लेकर जो अपेक्षा पाले हुए थे उससे छल हुआ है।ग्राम पंचायत ढोड़िया के सरपंच दिलु साहू ग्राम पंचायत कोटराभांठा के सरपंच पीताम्बर दास साहू, उपसरपंच गोपीलाल कंवर, ग्राम पंचायत धामनसरा के सरपंच लोकेश गंगवीर, उप सरपंच कृतलाल पटेल, ग्राम पंचायत भोथीपार खुर्द की सरपंच दि?या हिरवानी, ग्राम पंचायत कुम्हालोरी (बेलटिकरी) के ग्रामीण, व ग्रामीण इस सड़क का कार्य अपूर्ण छोड़े जाने, निर्माण में गुणवत्ता को अनदेखा किए जाने जैसे विषयों पर तीन दिनों के भीतर सुधार न किए जाने पर चक्काजाम का अल्टीमेटम दे चुके हैं।

### देशभक्ति का जज्बा और हाथों में तिरंगा लेकर उत्साह एवं उल्लास के साथ बाईक रैली निकली

# तिरंगा हमारी आन-बान और शान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 अगस्त।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत पीटीएस मैदान राजनांदगांव से तिरंगा बाईक रैली को रवाना किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग एवं अन्य अधिकारी हेलमेट लगाकर तिरंगा बाईक रैली में शामिल हुए। देशभक्ति का जज्बा लिए हाथों में तिरंगा झंडा लेकर उत्साह एवं उल्लास के साथ तिरंगा बाईक रैली शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरी। तिरंगा हमारी आन-बान और शान है। तिरंगा का यह गौरव और सम्मान हर घर तक पहुंचे, इस संदेश के साथ बाईक रैली का यह काफिला तिरंगा रैली पीटीएस मैदान राजनांदगांव से शुरू होकर गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, गंज चौक, नंदई चौक, महामाया चौक, कमला कॉलेज, आरके नगर होते हुए पीटीएस मैदान में समाप्त हुआ। भारत माता



की जय, वंदेमातरम्, जय जवान-जय किसान, तिरंगा यात्रा जिंदाबाद के जयकारे की अनुगूंज दूर तक सुनाई दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि तिरंगा हमारे राष्ट्र का प्रतीक है। भारतीय नागरिकों को अपने घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि आज इस तिरंगा बाईक रैली के माध्यम से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत राष्ट्रीयता की भावना का संदेश लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे। आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत 9 अगस्त से 15 अगस्त 2024 तक आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत जिले में विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत 15 अगस्त तक बाईक रैली, पदयात्रा, कॉन्सर्ट्स, स्कूल एवं कालेज में तिरंगा से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह कोशिश रहेगी कि नागरिक राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूक होंगे और हर घर में तिरंगा लहराए। सभी राष्ट्रीय ध्वज के प्रति शपथ लेंगे, साथ ही भारत सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों के अनुरूप योगदान देंगे। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत 9 से 15 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान में अपनी सहभागिता निभाएंगे। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष श्री सचिन बघेल, श्री खूबचंद पारख, श्री संतोष अग्रवाल, श्री नीलू शर्मा, श्री रमेश पटेल, पुलिस अधीक्षक पीटीएस श्री गजेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

संपादकीय


# भाजपा जो चाहती है, वही हुआ वक्फ बिल मामले में

देश में भाजपा ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो ऐसे काम करने का प्रयास करती है, जिसे दूसरे राजनीतिक दल करने की सोचते नहीं है। डर जाते हैं कि उनका वोट बैंक नाराज हो जाएगा तो राजनीतिक रूप से नुकसान हो जाएगा। इसलिए देश के तमाम राजनीतिक दलों के खाते में ऐसा कोई काम नहीं है जिसके लिए कहा जाए कि इसने ऐसा काम किया है जो और कोई कर नहीं सका। चाहे धारा-370 हटाना हो, राम मंदिर बनवाना हो,जीएसटी लागू करना हो, नोटबंदी करना हो।यह सब काम देश की सबसे बड़ी व पुरानी कांग्रेस पार्टी कर सकती थी लेकिन वोट बैंक की नाराजगी के डर से उसने किया नहीं, दूसरे किसी दल ने भी इसे करने की इच्छा तक नहीं की। अब मोदी सरकार ने एक और ऐसा काम किया है जिसे और कोई राजनीतिक दल नहीं कर सकता था, यह काम है वक्फ कानून में संशोधन का।वक्फ कानून में कांग्रेस की नरसिम्हा सरकार ने संशोधन कर वक्फ बोर्ड को ऐसे अधिकार दे दिए जो दूसरे धर्म की किसी संस्था के पास नहीं थे। नरसिम्हा सरकार ने यह काम पार्टी की तुष्टिकरण की नीति के तहत ही किया था। जब बाबरी ढांचा गिरा दिया गया तो कांग्रेस को लगा कि उससे मुसलमान नाराज हो जाएंगे, इसलिए वक्फ कानून में संशोधन कर वक्फ बोर्ड को असीमित अधिकार दे दिए गए ताकि मुसलमान खुश हो जाएं। कांग्रेस के इस काम से उच्च वर्ग के मुसलमान जरूर खुश हुए और लीज पर वक्फ की संपत्ति लेकर अमीर से और अमीर हो गए जबकि गरीब मुसलमानों को वक्फ के पास अरबों की संपत्ति होने का कोई खास फायदा नहीं हुए, वक्फ बोर्ड, अमीर मुसलमान और अमीर होते चले गए और गरीब मुसलमान आजादी के समय जितने गरीब थे, आज भी उतने ही गरीब हैं। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस इस सच से वाकिफ नहीं है कि वक्फ बोर्ड से गरीब मुसलमानों को कोई फायदा नहीं हो रहा लेकिन उसे वोट तो अमीर,प्रभावशाली मुसलमान दिलाते हैं, इसलिए उसने अमीर मुसलमानों का परवाह की,प्रभावशाली मुसलमान नेताओं की परवाह की,गरीब मुसलमानों की परवाह नहीं की। भाजपा ने गरीब मुसलमानों व महिलाओं का वक्फ बोर्ड से लाभ दिलाने के लिए ही वक्फ के कानून में संशोधन करने की फैसला किया, क्योंकि वक्फ बोर्ड को जो भी संपत्ति दान में मिलती है, वह गरीब मुसलमानों व महिलाओं के मदद के लिए मिलती है। भाजपा चाहती है कि वक्फ बोर्ड का गठन जिस काम के लिए किया गया है, वक्फ बोर्ड वही काम करे। इसीलिए उसने वक्फ संशोधन बिल संसद में पेश किया है। बताया जाता है कि इसमें चालीस संशोधन हैं। भाजपा जानती थी कि इस बिल का कांग्रेस सहित विपक्ष विरोध अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए करेंगे और गरीब मुसलमान व महिलाओं के सामने आने वाले दिनों में एक्सपोज होते जाएंगे। बिल पेश करते हुए किरण रिजिजू ने बिल की कमी, खामी के बार में बता दिया,यह भी बता दिया कि इस संशोधन बिल का मकसद वक्फ बोर्ड को गरीब मुसलमानों व महिलाओं के लिए लाभकारी बनाना है। कांग्रेस सहित विपक्ष ने संसद में इसका विरोध किया,भाजपा जानती थी कांग्रेस विरोध जरूर करेगी और कहेगी की इस बिल को वापस लिया जाए या जेपीसी को भेजा जाए।भाजपा के पास बहुमत था, वह चाहती तो और बिलों की तरह इसे आसानी से संसद से पास करा सकती थी।उसने इस बिल को जेपीसी के पास इसलिए नहीं भेजा है कि कांग्रेस चाहती थी,वह तो इस बिल को इसलिए जेपीसी में भेजा है कि वह चाहती है कि इस पर लंबे समय तक बहस हो, चर्चा हो,यह राष्ट्रीय विमर्श बने। विपक्ष भी इसके बार मे जेपीसी में कुछ कहे और उस पर देश में चर्चा हो, गरीब मुसलमान व महिलाओं को पता चले कि कांग्रेस तो नहीं चाहती है कि वक्फ बोर्ड से कोई लाभ उनको हो। ओवैशी भाजपा की इस रणनीति के समझ रहे हैं, इसलिए वह कह रहे हैं कि भाजपा मुसलमानों को बांटने की कोशिश कर रही है, हकीकत यह है कि भाजपा गरीब मुसलमान व महिलाओं को बता रही है कि वक्फ बोर्ड बना है आपकी बेहतरी के लिए और इसका लाभ आप लोगों को ही नहीं मिल रहा है। इसका पूरा लाभ अमीर व प्रभावशाली लोग उठा रहे हैं। इस बिल से भाजपा को कोई फायदा हो न हो लेकिन कांग्रेस व विपक्ष को नुकसान यह होगा कि गरीब मुसलमान व महिलाओं का जितना वोट एकमुश्त मिलता था, अब वह कम होता जाएगा जैसे जैसे गरीब मुसलमानों व महिलाओं को यह पता चलता जाएगा कि अमीर मुसलमान व प्रभावशाली मुसलमानों के कारण ही उनको वक्फ बोर्ड से कोई लाभ नहीं मिल रहा है तो वह उनका कहना नहीं मानेंगे, उनके कहने पर वोट नहीं देंगे।


11 अगस्त को जयंती

डॉ . सूर्यकांत मिश्रा

# तुलसीदास जी को तिरस्कार ने बना दिया महान



सावन का महीना बहुत ही शुभ और मंगलकारी माना जाता है ।इसी महीने की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि संतो - महंतों से लेकर हर हिंदू धर्मावलंबी के लिए यादगार बनी हुई है ।हिंदुओं के महान ग्रंथ रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्म इसी महीने में हुआ था । उनके जीवन की कठिन डगर इतिहास के पन्नों पर दर्ज है । बचपन से ही तिरस्कार मिलने के बाद उनके जीवन का स्वर्णिम काल आज हम सबके लिए किसी वरदान से कम नहीं है । मैं आज गोस्वामी जी के ऐसे ही संघर्ष वाले इतिहास के पन्नों की चर्चा लेख के माध्यम से करना चाहता हूं । तुलसीदास जी की कठिन यात्रा का जिक्र करने के पीछे कारण सिर्फ यह है कि आज की किशोरवय और युवा पीढ़ी तैश में जो निर्णय ले रही है और अपने जीवन को खत्म कर रही है , वह संघर्ष के सुनहरे भविष्य को संजो सके ।ऐसे कथानक मिलते हैं कि तुलसीदास जी कहारन के घर पल - बढ़कर युवा हुए थे !इसी दौरान वे वैवाहिक बंधन में भी बंधे ।उनकी विदुषी ब्राह्मणी पत्नी रत्ना की संगत ने उनके भीतर ज्ञान - पिपासा को जागृत कर दिया । अयोध्या की गलियों की खाक छानते वे ऐसे गुरु की तलाश कर रहे थे जो उन्हें सत-चित -आनंद के रहस्यों से अवगत करा सके ! थक - हार कर उनके मन में भी जाति न पूछो साधु की .. और वसुधैव - कुटुम्बकम जैसे सु - वाक्य उन्हें नीरा तोता - रटन्ती लगने लगे ! कारण यह कि वे जिस भी ज्ञानी के पास जाते सभी उनका गोत्र पूछने से ही शुरूआत करते ! यह पता लगते ही कि उन्हें क्यों बचपन से ही त्याग दिया गया ? कोई भी उन्हें अपने पास टिकने नहीं देता ! तुलसीदास जी संतों - ज्ञानियों को यह सफाई देते रहे कि वे भी आन - बाट से नहीं वरन ब्राह्मणी के गर्भ से ही इस दुनिया में आए हैं ।ब्राह्मणों का तर्क कुछ अलग होता । वे जन्मना जायतो शूद्रो की रट लगाते हुए उनका निरादर करते ! थक चुकने के बाद उन्होंने मंदिरों में रहकर एकलव्य की तरह स्वयं शिक्षा प्राप्त करने का मन बनाया । यहां भी धुरंधर पंडितों ने मलेच्छ कहकर उन्हें मंदिरों से भगा दिया ! दर - दर भटकने के बाद उन्होंने एक वीराने में मस्जिद में अपना ठिकाना बनाया ! यहां भी वे यह देखकर आश्चर्य चकित रह गए कि मुल्लाओं के सताए मुस्लिम फकीरों ने भी यहीं धूनी रमाए रखी है ! वे वहीं रहकर मांग - खाकर जीवन व्यतीत करने लगे ! उन्होंने मस्जिद में रहते हुए अपनी लेखनी को शुरूआती रूप दिया । आस - पास की वनवासी जनता को उनकी लेखनी में परमानंद मिलने लगा ! उनके पास भीड़ जुटने लगी ! जब यह बात पंडितों तक पहुंची तो उन्हें आगत खतरों का भय सताने लगा । उन्हें लगने लगा कि आने वाले समय में कहीं तुलसी के भजन - कीर्तन उनकी पंडिताई पर भारी न पड़ जाए ! अब उन



पंडितों ने तुलसीदास जी को बुलावा भेजा और कहा कि वीराने को त्यागकर अयोध्या में ही कोई ठिकाना बना लें । अपने तिरस्कार की वजह से तुलसीदास जी की स्वांतः सुखाए की अपनी दुनिया छोड़ पंडितों की शरण में जाने की इच्छा मर चुकी थी । अतः उन्होंने पंडितों को अपनी राय से अवगत करा दिया ।

तुलसीदास जी के इनकार को सुन पंडितों ने दंड - भेद की नीति अपनाने का मन बनाया ! इस पर तुलसीदास जी ने भी उन्हें चुनौती दे डाली और लिख भेजा .. ( कवितावली )

₹ धूत कहौ , अवधूत कहौ, रजपूतो कहौ ,
जोलहा कहौ , कोऊ ।
काह की बेटीसो , बेटा न ब्याहब ,काह की
जाति , बिगार न सोऊ ।
तुलसी सरनाम , गुलामु है रामको , जाको रुचे
सो कहै, कछु कोऊ ।
मांगी के खैबो , मसीत को सोइबो , लैबोको
एकु न दैबे को दोऊ।।

अर्थात उन्होंने सीधे - सीधे बता दिया कि वे अगर नीच जाति से हैं, तो हैं ! किसी की बेटी से उन्हें बेटा नहीं ब्याहना...वे भिक्षा मांगकर और मस्जिद में सोकर गुजारा कर लेंगे , पर ढोंगी पंडितों से दूर ही रहेंगे । अयोध्या के पोंगा पंडितों को चिढ़ाने के लिए यह काफी था ।समाज द्वारा ठुकराए गए तुलसीदास जी ने नाना प्रकार के पुराणों को खंगाल कर बनवास भोगते अपने प्रिय रघुनंदन श्री राम , लक्ष्मण और सीता को खोज ही निकाला । तुलसी का नाम शबरी के जूठे बेर खाने वाले श्री राम पर रमा तो रमता ही गया । भाव - विभोर होकर जब वे जन - गण को अवधि में सुनाना शुरू करते :-

भए प्रकट कृपाला, दीन दयाला , कौशल्या
हितकारी , हर्षित महतारी , मुनिमन हारी ..तो

वनवासियों की भीड़ जमा हो जाती । वहीं रहते - रहते तुलसीदास जी ने धीरे - धीरे राम चरित मानस को रच डाला और वीरान पड़ी मस्जिद भारतीय जनमानस में राम को पैदा करने वाली पवित्र स्थान में परणीत होती चली गई !

तुलसीदास जी के संबंध में एक किवदंती का उल्लेख भी मिलता है ।ऐसा कहा जाता है कि रामकथा की ख्याति उस समय के महान सम्राट अकबर के कानों तक पहुंची । उन्होंने अब्दुल रहीम खानखाना को बुलाकर तुलसीदास जी के संबंध में जानकारी ली । रहीम तुलसीदास जी के अनन्य मित्रों में से थे । अतः उन्होंने अकबर के सम्मुख उनकी तारीफ की । अकबर ने रहीम से आग्रह किया कि आप तुलसीदास जी को सादर दरबार में लेकर आएं ।उन्हें नवरत्नों में शामिल करने का निर्देश भी अकबर ने रहीम को दिया । जब रहीम , तुलसीदास जी के पास पहुंचे और उन्हें सारी बातों से अवगत कराया तो तुलसीदास जी ने अनेक संदेहों को स्पष्ट करते हुए रहीम जी से कहा - मित्र तुम राजा को मेरा कष्ट समझा देना और कहना कि यदि वे मेरा कुछ भला करना ही चाहते हैं तो यहीं मस्जिद के बाहर अहाते में एक चबूतरा बनवा दें - राम भजन के लिए । अकबर ने जब तुलसीदास जी की राम भक्ति और उनके मन के विचार को समझा तो खुशी - खुशी वहां एक सुंदर चबूतरा बनवा दिया ।

धीरे - धीरे उस जगह की ख्याति अयोध्या के मंदिरों के मुकाबले बढ़ती चली गई । कहा जाता है वह चबूतरा आज भी वहां मौजूद है ! यह भी उल्लेख मिलता है कि अपने अंत समय में तुलसीदास जी ने कहा कि सभी के द्वारा अपमान मिलने के बाद अंजनी कुमार ( बजरंग बली ) ने उन्हें अपनाया और प्रभु श्री राम के दर्शन कराकर उनका उद्धार किया ! तुलसीदास जी जब गोस्वामी बन गए , तब उन्होंने अपने पिछले खराब दिनों को पूरी तरह भुला दिया । आज उनकी लोकप्रियता, उनकी सहजता का ही सु - परिणाम मानी जा सकती है ।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही समस्या को दूर करने के लिए आप वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत कर सकते हैं। विद्यार्थियों की शिक्षा में कुछ समस्याएं आ रही है, तो आप घर से दूर रहकर पढ़ाई कर सकते हैं। प्रेम जीवन जी रहे लोग इस समय अपने जीवनसाथी को लेकर कहीं ट्रैवलिंग पर जा सकते हैं। आपको कार्यक्षेत्र में कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा। धन को लेकर आपको सावधान रहने की आवश्यकता है।

वृषभ- आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए उतार-चढ़ाव लेकर आएगा, इसलिए आपको अपने कामों को लेकर रणनीति बनाकर आगे बढ़ना होगा। आप अपने माता-पिता के साथ किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा, नहीं तो कार्यक्षेत्र में आपका बेवजह का लड़ाई झगड़ा हो सकता है, इसलिए आपको इस समय में सावधान रहकर आगे बढ़ना होगा। यदि आपको कोई लेनदेन करना पड़े, तो आप बहुत ही सोच विचार कर करें।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपके बेफिजूल के खर्चों से आपकी आर्थिक स्थिति डगमगा सकती है। आपको अपने कामों में यदि कोई समस्या चल रही है, तो आप उन्हें दूर करने की कोशिश करें। माता-पिता का कामों मे आपका पूरा साथ मिलेगा। आपको किसी काम को लेकर सोच समझ कर आगे बढ़ना होगा। विद्यार्थियों को अपने ज्ञान को बढ़ाने का मौका मिलेगा, इसलिए वह अपनी मेहनत से पीछे न हटें।

कर्क- आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आप को अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। दोस्तों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आप यदि कहीं घूमने फिरने जाए, तो उसमें आपको वाहनों का प्रयोग बहुत ही सावधान रहकर करना होगा। पारिवारिक समस्याएं फिर से उठ सकती हैं, इसलिए आपको दोनों पक्षों को सुनकर कोई निर्णय लेना बेहतर रहेगा। आप अपने खर्चों को लेकर परेशान रहेंगे। आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं।

सिंह- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी से धन का लेनदेन करने से बचना होगा। आपके कामों में वृद्धि होने से आप परेशान रहेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि कोई धन संबंधित मदद मांगेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। यदि आपको कोई धन संबंधित समस्या चल रही है, तो आपको उसमें ढील देने से बचना होगा। इस समय में आप अपने बॉस की किसी बात को नजरअंदाज ना करें।

कन्या- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। माता-पिता का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको यदि कोई शारीरिक समस्या लंबे समय से परेशान कर रही थी, तो वह भी आज दूर होगी। आपको किसी जोखिम को लेने से बचना होगा। आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां को समय रहते पूरा करेंगे। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपका लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। नौकरी में कार्यरत लोगों को महिला मित्रों से सावधान रहने की आवश्यकता है। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने बॉस से प्रमोशन को लेकर बातचीत करनी होगी। संतान को तरक्की करते देख आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप किसी काम को दूसरों के भरोसे न छोड़े, नहीं तो उसमें कोई गड़बड़ी हो सकती है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी वाद विवाद में पड़ने से बचना होगा, नहीं तो वह कानूनी हो सकता है। यदि आपको कोई गुप्त जानकारी सुनने को मिले, तो आप उसे अपने तक रखें। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। आप अपने जीवन साथी के लिए समय निकालेंगे, जिससे दोनों के बीच यदि कुछ दूरियां आ गई थी, तो वह भी कम होंगी। विद्यार्थी यदि किसी विषय को लेकर परेशान चल रहे थे, तो वह उसमें बदलाव कर सकते हैं। आपको किसी बात को लेकर बहस बाजी में पड़ने से बचना होगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। कहीं से धन लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपने यदि किसी से कुछ कर्ज लिया था, तो वह भी आपसे वापस मांग सकते हैं। माता-पिता के आशीर्वाद से आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। आपको कार्यक्षेत्र में कोई पुरस्कार मिलने से प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। संतान की संगत की ओर आपको विशेष ध्यान देना होगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। ननिहाल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपके मन में परस्पर सहयोग की भावना बनी रहेगी। आपको अपनी तरक्की की राह में आ रही बाधाओं को दूर करने से बचना होगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपने यदि भविष्य को लेकर कोई निवेश किया था, तो वह पूरा हो सकता है। आपको अपने किसी निर्णय के लिए पछतावा हो सकता है। जीवनसाथी आपका पारिवारिक बिजनेस में आपका पूरा साथ देंगे।

कुंभ- आज का दिन आपकी पद व प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा। आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। आप जीवनसाथी को लेकर कहीं बाहर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपको किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम में आयोजन होने का मौका मिलेगा। परिवार के सदस्यों में यदि कोई अनबन चल रही थी, तो वह दूर होगी और आपसी प्रेम बना रहेगा। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी नए काम में ज्यादा नहीं पड़ना है, नहीं तो इससे उनकी छवि खराब हो सकती है। आप अपने माता-पिता की सेवा करने के लिए भी कुछ समय निकालेंगे।

मीन- आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी इनकम के सोर्स पर पूरा ध्यान देंगे, जिसमें वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। कारोबार में आप कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर सबको हैरान कर सकते हैं। आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाये, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। यदि आपके ऊपर पर कुछ कर्जा था, तो उसे भी आज आप काफी हद तक उतारने में सफल रहेंगे। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को कहीं से ऑफर आ सकता है।

# बुद्धदेब भट्टाचार्य :मार्क्सवादी कम, बंगाली भद्र मानुष ज्यादा थे

ललित गर्ग-

आर्थिक उदारवाद लागू करने और पूंजीवाद के साथ तालमेल बिठाने वाले बंगाली गोबाचौव, पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और कद्दावर मार्क्सवादी नेता बुद्धदेब भट्टाचार्य का 80 साल की उम्र में आठ अगस्त को बालीगंज स्थित उनके पाम एवेन्यू आवास पर निधन हो गया। उनका निधन राजनीति के साथ साहित्य एवं संस्कृति की अपूरणीय क्षति है। बंगाल के बौद्धिक चिंतकों, लेखकों, कवियों, नाट्यकर्मियों और सिने जगत के लोगों के बीच बुद्धदेब बेहद लोकप्रिय थे। उनकी पार्टी के कुछ कॉमरेड उन्हें मार्क्सवादी कम, बंगाली भद्र मानुष ज्यादा मानते थे। वे गहन मानवीय चेतना के चितेरे एवं सतरंगी रेखाओं की सादी तस्वीर थे। एक व्यावहारिक कम्युनिस्ट के रूप में उन्होंने उदारवाद और पूंजीवाद के बीच संतुलन बनाने का साहसिक कार्य करते हुए लोक-कल्याण की भावना को आकार दिया, जो उनके बड़े मानुष का बड़प्पन ही था। पश्चिम बंगाल में वंचित वर्गों के सामाजिक एवं आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने के उल्लेखनीय प्रयास उनके द्वारा किये गये। उनकी लोकप्रियता उनके दल से परे भी पसरी हुई थी, इसीलिए उनके निधन की सूचना से समूचे देश के राजनीतिक माहौल में शोक व्याप्त हो गया, जबकि वे पिछले 13 वर्ष से सक्रिय राजनीति से दूर थे। पर लोग इस आधुनिक कॉमरेड को भूले नहीं थे और न भूल पाएंगे। वे भारत के धर्मनिरपेक्ष और गणतांत्रिक संवैधानिक व्यवस्था की सुरक्षा के प्रति गहरे रूप से प्रतिबद्ध थे।

एक कम्युनिस्ट मुख्यमंत्री के औद्योगिकीकरण और पूंजी को न्योतने के प्रयास आश्चर्यचकित कर देते थे। बुद्धदेब भट्टाचार्य की विरल विशेषता थी कि वे प्रारंभ में पूंजीपतियों के विरोधी थे, तो 1991 के बाद हुए सोवियत संघ के विघटन के बाद बाजारवाद एवं पूंजीवाद के समर्थक हो गये। पश्चिम बंगाल में ज्योति बसु लगातार 24 वर्ष मुख्यमंत्री रहे थे। तभी बुद्धदेब भट्टाचार्य को उप-मुख्यमंत्री बनाकर सीपीएम उनकी ताजपोशी की तैयारी पहले से कर रही थी। तब स्वयं बुद्धदेब भी असमंजस में थे कि ज्योति बसु जैसे वटवृक्ष का उत्तराधिकार वह संभाल पाएंगे या नहीं? लेकिन जब मौका आया तो उन्होंने इस बड़ी जिम्मेदारी को बेखूबी निभाया। प्रदेश से बेरोजगारी खत्म करने के लिए पश्चिम बंगाल में उद्योगों को बढ़ावा देने की ठानी। उन्होंने गरीबों के कल्याण के लिये, रोजगार वृद्धि एवं बंगाल के आर्थिक विकास के लिये औद्योगिक-क्रांति को बल दिया। बतौर मुख्यमंत्री, उन्होंने अपना पूरा ध्यान बेरोजगारी की समस्या दूर करने पर लगाया, जिसकी वजह से बड़ी तादाद में युवा पलायन के लिए मजबूर हो रहे थे। उन्होंने बंगाल में उद्योग और निवेश को लाने के लिए नारा दिया था, ह्युडू इट नाउ, इसे अभी करो।ह्ल

बुद्धदेब भट्टाचार्य ने राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को बढ़ाया तथा सच्चर कमिटी और रंगनाथ मिश्र आयोग की रिपोर्टों के आने के बाद इसमें अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के एक अहम हिस्से को शामिल करने के प्रावधान किये। उन्होंने राज्य की सुस्त नौकरशाही को दुरुस्त करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सही कहा कि वह एक राजनीतिक दिग्गज थे, जिन्होंने प्रतिबद्धता के साथ राज्य की सेवा की।ह्ल बुद्धदेव ने मुख्यमंत्री बनने के बाद बंगाल के माहौल को बदलना शुरू किया। उनकी अपनी लोकप्रियता भी बढ़ी, उनके नेतृत्व में वामपंथियों ने साल 2001 और 2006 में विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल की। हर नेता का एक समय आता है, जब चीजें हाथ से निकलने लगती हैं। सिंगुर व नंदीग्राम आंदोलन के समय बुद्धदेब के साथ ही वामपंथी शासन की भी उल्टी गिनती तेज हो गई थी। उनके नेतृत्व की वाम मोर्चे की आखिरी सरकार द्वारा किये गये सही और गलत कामों को लेकर अलग-अलग मत आज तक बरकरार हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था के आधुनिकीकरण तथा युवाओं के लिए राज्य के भीतर रोजगार के अच्छे अवसर उपलब्ध कराने का उनका अधूरा सपना अभी भी बेहद प्रासंगिक बना हुआ है ।लम्बी राजनीतिक पारी खेलते हुए बुद्धदेब भट्टाचार्य ने राजनीति जीवन में जिन गुणों का प्रदर्शन किया, वैसे गुण अब सत्ताधारियों में मुश्किल से मिलते हैं। सार्वजनिक जीवन में वे शुचिता एवं सादगी का पर्याय बनकर स्थापित हुए। सत्ता में रहते हुए और जीवन के अंतिम पलों तक एक सामान्य दो कमरे के अपार्टमेंट में उनका निवास रहा। बुद्धदेब सरकारी खर्चे के तामझाम से कोसों दूर रहे। अधिकांश मौकों पर वे धोती कुर्ता में ही नजर आते थे। वेतन का अधिकांश हिस्सा वे पार्टी कोष में जमा करा देते थे और पत्नी के वेतन से परिवार का खर्च चलाया करते थे। उनके जीवन की दास्तान को पढ़ते हुए जीवन के बारे में एक नई सोच पैदा होती है। जीवन सभी जीते हैं पर सार्थक जीवन जीने की कला बहुत कम व्यक्ति जान पाते हैं। बुद्धदेबजी के जीवन कथानक की प्रस्तुति को देखते हुए सुखद आश्चर्य होता है एवं प्रेरणा मिलती है कि किस तरह से दूषित राजनीतिक परिवेश एवं आधुनिक युग के संकुचित दृष्टिकोण वाले समाज में जमीन से जुड़कर आदर्श जीवन जिया जा सकता है, आदर्श स्थापित किया जा सकता है। और उन आदर्शों के माध्यम से देश की राजनीति, सामाजिक, राष्ट्रीय और वैयक्तिक जीवन की अनेक सार्थक दिशाएँ उद्घाटित की जा सकती हैं। अपने लंबे सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन में वे हमेशा ईमानदारी और विनम्रता की प्रतिमूर्ति बने रहे। साल 1993 में उन्होंने कुछ गलतियों के विरोध में वाम मोर्चा सरकार से इस्तीफा दे दिया था। ज्योति बसु के मनाने पर कुछ महीने बाद वे फिर से मंत्री बने। उस दौरान उन्होंने एक बंगाली नाटक लिखा, जिसमें उन मूल्यों के पतन पर विचार किया गया है, जो वाम आंदोलन ने कभी अपनाया था। अपनी पीढ़ी के नेताओं में वे सबसे अधिक साहित्य, कला एवं संस्कृति के परिवेश से जुड़े हुए थे। सोवियत संघ के पतन के अनुभवों कारण ही वे अनेक मार्क्सवादी-लेनिनवादी धारणाओं पर सवाल उठाते थे। जितने सफल जननायक थे उतने ही प्रखर लेखक थे। उन्हें निर्भीक विचारों, स्वतंत्र लेखनी और बेबाक राजनैतिक टिप्पणियों के लिये जाना जाता रहा है। वे गरीबों, अभावग्रस्तों, पीड़ितों और मजलूमों की आवाज बनते रहे। भट्टाचार्य का जन्म 1 मार्च 1944 को उत्तरी कोलकाता में एक विद्वान पृष्ठभूमि वाले परिवार में हुआ था। वह प्रसिद्ध बंगाली कवि सुकांत भट्टाचार्य के दूर के रिश्तेदार थे, जिन्होंने आधुनिक बंगाली कविता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें खुद एक सफल लेखक के रूप में जाना जाता है और वह विभिन्न परिस्थितियों में रवींद्रनाथ टैगोर को उद्धृत करने में माहिर थे। उन्होंने 1992 में बाबरी ध्वंस के समय ह्युदुष्शामाईह्ल (बैड टाइम्स) नामक नाटक लिखा। बुद्धदेव साहसी नेता थे। वे पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक तरह से देंग और गोबाचौव की तरह ही थे लेकिन उन्हें इन दोनों से अपनी तुलनाएं पसंद नहीं थीं। उन्होंने कृषि आय पर आश्रित पश्चिम बंगाल को अद्योगिकीकरण की राह पर लाकर अपने राजनीतिक कैरियर का सबसे बड़ा जोखिम लिया था। उद्योग धंधों की स्थापना के लिए उन्होंने विदेशों से और देश के ही दूसरे राज्यों से पूंजी लाने के लिए मार्क्सवादी सिद्धांतों से समझौता भी किया। भारतीय राजनीति की बड़ी विडम्बना रही है कि आदर्श की बात सबकी जुबान पर है, पर मन में नहीं। उड़ने के लिए आकाश दिखाते हैं पर खड़े होने के लिए जमीन नहीं। दर्पण आज भी सच बोलता है पर सबने मुखौटे लगा रखे हैं। ऐसी निराशा, गिरावट व अनिश्चितता की स्थिति में बुद्धदेबजी ने राष्ट्रीय चरित्र, उन्नत जीवन शैली और स्वस्थ राजनीति प्रणाली के लिए बराबर प्रयास किया। वे व्यक्ति नहीं, नेता नहीं, बल्कि विचार एवं मिशन थे। उनको एक सुलझा हुआ और कद्दावर नेता, जनसेवक एवं सृजनकर्मी माना जाता रहा है। उनका निधन एक आदर्श एवं बेबाक सोच की राजनीति का अंत है। वे सिद्धांतों एवं आदर्शों पर जीने वाले व्यक्तियों की श्रृंखला के प्रतीक थे। बुद्धदेव भट्टाचार्य की दिलचस्पी का दायरा राजनीति से इतर साहित्य, थिएटर, सिनेमा और संगीत तक फैला हुआ था। वे घंटों टैगोर की कविताओं को सुना सकते थे और पाब्लो नेरूदा की कविताओं का जिक्र कर सकते थे। बुद्धदेव भट्टाचार्य नामचीन बंगाली वामपंथी कवि सुकांतो भट्टाचार्य के भतीजे थे और मंत्री रहते हुए उन्होंने कुछ नाटक लिखे जिनका मंचन भी हुआ।

कार्रवाई

संजय सक्सेना,लखनऊ

# वक्फ बोर्ड की आड़ में जमीन कब्जाने वालों पर शिकंजा कसने की तैयारी



वक्फ और वक्फ की संपत्तियों को लेकर हिंदुस्तान में अक्सर सही-गलत चर्चा होती रहती है। हममें से अधिकांश लोगों ने वक्फ का नाम तो सुना है, लेकिन वह इसके बारे में बहुत कुछ जानते नहीं हैं। वक्फ होता क्या है। किसी मस्जिद या दूसरे धर्मस्थल के वक्फ होने का मतलब क्या है? और क्या मोदी सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड के संविधान में तब्दीली की कोशिशों का असर मुस्लिम धर्मस्थलों के स्टेटस पर पड़ सकता है? चूंकि भारत में रेलवे और रक्षा मंत्रालय के बाद सबसे बड़ा भूस्वामी वक्फ बोर्ड ही है। इसलिए हम इन सारे सवालों का जवाब जानने की कोशिश करेंगे। सबसे पहले यह जान लेना जरूरी है कि भारत में इस्लाम की आमद के साथ वक्फ के उदाहरण मिलने लगे थे। दिल्ली सल्तनत के वक्त से वक्फ संपत्तियों का लिखित जिक्र मिलने लगता है। मुगल शासन काल में क्योंकि ज्यादातर संपत्ति राजा महाराजाओं के पास ही होती थी, इसीलिए प्रायः वही वाकिफ होते, और वक्फ कायम करते जाते। जैसे कई बादशाहों ने मस्जिदें बनवाईं, वो सारी वक्फ हुईं और उनके प्रबंधन के लिए स्थानीय स्तर पर ही इंतजामिया कमेटियां बनती रहीं।

इसके पश्चात 1947 में आजादी के बाद पूरे देश में पसरी वक्फ संपत्तियों के लिए एक स्ट्रक्चर बनाने की बात उठने लगी। इस तरह 1954 में संसद ने वक्फ एक्ट 1954 पास किया। इसी के नतीजे में वक्फ बोर्ड बना। ये एक ट्रस्ट था, जिसके तहत सारी वक्फ संपत्तियां आ गईं। 1955 में यानी कानून लागू होने के एक साल बाद, इस कानून में संशोधन कर राज्यों के लेवल पर वक्फ बोर्ड बनाने का प्रावधान किया गया। इसके बाद साल 1995 में नया वक्फ बोर्ड एक्ट आया। 2013 में मनमोहन सरकार के समय इसमें कई संशोधन करके इसे पूरी तरह से तानाशाही रूप दे दिया गया। फिलहाल जो व्यवस्था है, वो इन्हीं कानूनों और संशोधनों के तहत चल रही है,इसमें सबसे खतरनाक संशोधन यह था कि वक्फ बोर्ड जिस किसी सम्पति को अपना बता दे तो फिर वह उसकी बिना किसी जांच पड़ताल के हो जाती है और जिसकी सम्पति छीनी जाती है,वह कोर्ट या पुलिस के पास भी अपनी फरियाद लेकर नहीं जा सकता है। प्रायः मुस्लिम धर्मस्थल वक्फ बोर्ड एक्ट के तहत ही आते हैं. लेकिन इसके अपवाद भी हैं। जैसे ये कानून अजमेर शरीफ दरगाह पर लागू नहीं होता। इस दरगाह के प्रबंधन के लिए दरगाह ख्वाजा साहिब एक्ट 1955 बना हुआ है.

वक्फ बोर्ड को मिली असीमित शक्तियों पर अंकुश लगाने और बेहतर प्रबंधन व पारदर्शिता के लिए मोदी सरकार ने आठ अगस्त 2024 को लोकसभा में दो विधेयक पेश किये। पहले विधेयक के जरिये सरकार मुसलमान वक्फ अधिनियम 1923 को समाप्त करने को कटिबद्ध लगती है, जबकि दूसरे से मुसलमान वक्फ अधिनियम 1995 में 44 संशोधन किए जाएंगे। सरकार इस विधेयक में बोहरा-आगाखानी के लिए अलग वक्फ बोर्ड का प्रावधान करेगी और किसी की संपत्ति को वक्फ की संपत्ति घोषित करने के अधिकार से संबंधित धारा 40 को समाप्त कर देगी।

मोदी सरकार ने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक संसद में पेश करने से एक दिन पहले कहा कि विधेयक लाने का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन और संचालन करना है। विधेयक पेश किए जाने के बाद सरकार ने इसे व्यापक विमर्श और सर्वसम्मति के लिए प्रवर समिति को भेज दिया है। दूसरे विधेयक में वक्फ अधिनियम 1995 का नाम बदलकर एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता विकास अधिनियम करने का प्रावधान है। इसमें वक्फ बोर्डों के केंद्रीय परिषद और ट्रिब्यूनल की संरचना में व्यापक बदलाव लाने का भी प्रावधान है। मसलन केंद्रीय परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड में दो महिलाओं का प्रतिनिधित्व अनिवार्य बनाया जाएगा। इसके अलावा कानून में संशोधन के बाद अब वक्फ ट्रिब्यूनल के आदेश को 90 दिन के अंदर हाईकोर्ट में चुनौती दी जा सकेगी। वक्फ संपत्तियों के सर्वेक्षण के लिए सर्वे कमिश्नर का अधिकार अब जिला कलेक्टर या उसके की ओर से नामित डिप्टी कलेक्टर के पास होगा।

विधेयक की खास बातों पर नजर डाली जाए तो मोदी सरकार वक्फ अधिनियम, 1923 को वापस लेगी। पारदर्शिता, बेहतर प्रबंधन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए 44 संशोधन किये जायेंगे। जिसके द्वारा आगाखानी व बोहरा वक्फ को परिभाषित किया जाएगा। पांच साल तक मुस्लिम धर्म का पालन करने वालों की संपत्ति वक्फ हासिल कर सकेगा। वक्फ के धन से विधवा, तलाकशुदा व अनाथों के कल्याण के लिए सरकार के सुझाए तरीके से काम करने होंगे। संपत्ति वक्फ को देने के दौरान उत्तराधिकारियों और महिलाओं के अधिकार नहीं छीने जा सकेंगे। वहीं रजिस्टर्ड वक्फ संपत्तियों को 6 माह में पोर्टल पर डालना होगा। वक्फ संपत्तियों से मिलने वाले भू राजस्व, सेस, उसका रेट, कर, आय, कोर्ट मामले की जानकारी भी बतानी होगी।सरकारी संपत्ति को वक्फ अपनी संपत्ति घोषित नहीं कर पाएगा

वक्फ बोर्ड में जो बदलाव होंगे उसके अनुसार मुसलमान वक्फ कानून 1923 खत्म होगा। वक्फ अधिनियम होगा एकीकृत वक्फ प्रबंधन कानून, धारा 40 होगी खत्म, जिससे किसी की संपत्ति को वक्फ की संपत्ति घोषित करने का अधिकार मिल जाता है। दरअसल, केंद्र की मोदी सरकार यूपीए-2 में मनमोहन सिंह सरकार ने 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन कर वक्फ बोर्ड को किसी की भी संपत्ति को अपनी संपत्ति घोषित करने और वक्फ बोर्ड के निर्णयों को किसी भी कोर्ट में चुनौती देने का अधिकार खत्म करने जैसे बदलाव किए गए थे।

सरकारी सूत्रों के अनुसार तब से मुस्लिम समाज से जुड़े व्यक्तियों व संगठनों की करीब 60 हजार शिकायतें सरकार के पास लंबित हैं। इन सभी शिकायतों में वक्फ बोर्ड में भारी अनियमितता व जबरन संपत्ति पर कब्जा जैसी समान बातें थीं। संशोधन विधेयक में वक्फ परिषद में भी बदलाव का प्रावधान है। मसलन परिषद के अध्यक्ष अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री होंगे।तीन सांसद, मुसलमानों के तीन प्रतिनिधि, मुस्लिम कानून के तीन जानकार, सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के दो पूर्व जज, एक वरिष्ठ वकील, देश की चार नामचीन हस्तियां व केंद्र सरकार के अतिरिक्त या संयुक्त स्तर के अधिकारी व दो महिलाएं इसकी सदस्य होंगी। उधर, विपक्षी दलों ने बिल पेश होने से पहले ही सरकार से आग्रह किया कि वक्फ (संशोधन) विधेयक को पेश किये जाने के बाद इस पर विचार करने के लिए संसद की स्थायी समिति को भेजा जाए। वहीं सरकार ने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की भावना का आकलन करने के बाद वह इस पर फैसला करेगी। इसी क्रम में मोदी सरकार ने बहुचर्चित वक्फ अधिनियम में संशोधन वाला विधेयक लोकसभा में पेश करने के बाद विपक्ष की मांग पर ध्यान देते हुए उसे संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने का जो फैसला लिया, वह इस दृष्टि से सही कदम है, क्योंकि इस समिति में उस पर विस्तार से और संभवतः दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विचार हो सकेगा। इससे सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि विपक्ष के पास यह बहाना नहीं रह जाएगा कि सरकार ने एक महत्वपूर्ण विधेयक बिना बहस आनन-फानन पारित करा लिया और उसकी कोई बात नहीं सुनी गई।

ध्यान रहे कि मोदी सरकार के पहले और दूसरे कार्यकाल में अनेक विधेयकों के संसद से पारित होने और उनके कानून में परिवर्तित हो जाने के बाद विपक्ष ने यह माहौल बनाया कि उन पर संसद में चर्चा नहीं होने दी गई। ऐसे कुछ कानूनों को लेकर जनता को बरगलाने का भी काम किया गया। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए और फिर कृषि संबंधी तीन कानूनों को लेकर विपक्ष ने अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के लिए किस तरह जनता को गुमराह किया। देखना है कि शीघ्र गठित होने वाली संयुक्त संसदीय समिति वक्फ संशोधन अधिनियम पर किस तरह विचार करती है और वह कोई आम सहमति कायम कर पाती है या नहीं ?यह अब यक्ष प्रश्न होगा।

## एक नजर

### विकसित भारत मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र

**महासमुन्द 10 अगस्त ।** जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विकसित भारत मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र की थीम पर 12 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन समाज कल्याण संचालनालय द्वारा किया जा रहा है, जिसमें जिले के सभी शासकीय और अशासकीय शालाओं, महाविद्यालयों, आई.टी.आई, पॉलिटेक्निक, पब्लिक संस्थाओं, और शासकीय कार्यालयों में नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई जाएगी।

इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री एस. आलोक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी को शासकीय और अशासकीय शालाओं में, और प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मचेवा, महासमुन्द को महाविद्यालयों में नशामुक्ति शपथ, अंतर शाला कॉम्पीटिशन, सेमिनार, वेब सेमिनार, और वर्कशॉप के आयोजन का दायित्व सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त जिला खेल अधिकारी खेल-कूद प्रतियोगिताएं, मानव श्रृंखला और छात्रों की रैली आयोजित करेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और नर्सिंग कॉलेजों में शपथ, सेमिनार और वर्कशॉप का आयोजन करेंगे। समस्त कार्यालय प्रमुख अपने-अपने कार्यालयों में नशामुक्ति शपथ दिलाएंगे। सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा ग्राम पंचायतों में भारत माता वाहिनी के सदस्यों के माध्यम से नशामुक्ति रैली और शपथ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत डी.ओ.सी. एनएसएस के छात्र/छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी दी जाएगी।उप संचालक समाज कल्याण जिले में आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी और फोटोग्राफ्स निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त कर सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग( छ्ठस्छ्ध) की वेबसाइट पर अपलोड करेंगे।

### जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारियों ने बाइक रैली निकाल नगरवासियों से की हर घर तिरंगा फहराने अपील



**महासमुंद 10 अगस्त ।** 15 अगस्त तक देशभर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान के तहत लोगों को अपने घरों और दफ्तरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद महासमुंद के जनप्रतिनिधि,अधिकारी कर्मचारियों ने आज बाइक रैली निकाली। रैली नगर पालिका से शुरू होकर मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुऐ वापस नगर पालिका में समाप्त हुई। हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभर में तिरंगा रैलियां निकाली जा रही हैं। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार ने बताया है कि 15 अगस्त तक देशभर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत लोगों को अपने घरों और दफ्तरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद महासमुंद के जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारियों ने बाइक रैली निकाल कर नगर वासियों से अपील की है कि 9 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक %हर घर तिरंगा% अभियान का हिस्सा बनें। बाइक रैली में प्रमुख रुप से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री पवन पटेल, पार्षद श्री देवीचंद राठी, श्री महेन्द्र सिका, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री लवकेश कुमार, उप?अभियंता श्री दिलीप कश्यप, स्वच्छता प्रभारी श्री दिलीप चन्द्राकर, जल प्रभारी श्री सीताराम चेलक, श्री करण कुमार यादव, श्री सुरेश तिवारी, श्री मनोज सोनी, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी नौशाद बक्श, ममता बग्गा, प्रेम शीला बघेल सहित बड़ी संख्या में नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

### गांव के डॉक्टर से जब बीमारी दूर नहीं हुई तो कर दिया शहर रिफर

**पत्थलगांव, 10 अगस्त।**गांव के झोलाछाप डॉक्टर से ईलाज कराने की कीमत एक गरीब परिवार की दो मासुम बेटियों को अपनी जान देकर चुकानी पडी। गांव के झोलाछाप डॉक्टर ने गंभीर बिमारी का ईलाज गांव के क्लीनिक मे लंबे समय तक अपने तरीके से करते रहा,जब बिमारी उसके हाथ से निकलकर गंभीर अवस्था मे पहुंच गयी तो उसे षहर के डॉक्टरो के पास ईलाज कराने के लिए रिफर कर दिया। मामला तेजपुर के ग्राम ढोढागांव का है,जहा के रहने वाले रामलाल नाग का आज पत्थलगावं के सिविल हॉस्पिटल मे रो रो कर बुरा हाल था,उसकी दो बेटियों का षव पोस्टमार्टम के लिए उसके सामने रखा हुआ था,उसने बताया कि छः वर्श की बेटी अंजनी नाग कक्षा पहली मे पढती थी,कुछ दिन पहले ही उसे अचानक से बुखार हो गया,अंजनी के साथ ही दस वर्श की संजना नाग जो कक्षा छठवीं की छात्र थी वह भी छोटी बहन की तरह ही बुखार से तपने लगी,गांव मे चिकित्सा की सुविधा ना होने के कारण गांव मे ही आकर ईलाज करने वाले एक झोलाछाप डॉक्टर ने दोनो बहनो का ईलाज षुरू कर दिया। ईलाज के दौरान उन्होने डॉक्टर को फीस के रूप मे हजारो रूपये भी दिये,परंतु डॉक्टर के ईलाज से दोनो बहनो की तबियत मे कोई सुधार नही हुआ। मजबुर पिता ने कई बार बेटियों का ईलाज षहर के डॉक्टरो के पास कराने की बात कही,परंतु झोलाछाप डॉक्टर ने उन्हे दूसरी जगह जाने नही दिया,जब दोनो ही बहनो की स्थिती उसके हाथ से बेकाबु हो गयी तो मंगलवार को दोनो बहनो को बाहर ले जाकर ईलाज कराने की बात कह कर अपना पल्ला झाड लिया।।

**शासकीय वाहन की नहीं मिली सुविधा-** झोलाछाप डॉक्टर का जवाब मिलने के बाद पिता ने बेटियो का ईलाज शहर के हॉस्पिटल मे कराने के लिए षासकीय वाहन की सुविधा लेनी चाही,परंतु यहा भी उसकी मजबुरी ने साथ नही छोडा।

शासकीय वाहन ना मिलने पर वह निजी वाहन से पत्थलगांव के सिविल हॉस्पिटल तक दोनो बिमार बेटियों को लेकर पहुंचा,परंतु तब तक बहुत देर हो चुकी थी,सिविल हॉस्पिटल पहुंचने के बाद जांचकर्ता चिकित्सको ने दोनो बहनो को मृत घोशित कर दिया। यह सुनते ही परिजनो के सिर पर मानो दुखो का पहाड टूट गया हो।

# कांग्रेस भड़काऊ बयानों से बाज आये: सांसद रूपकुमारी चौधरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुन्द, 10 अगस्त।** महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुंमारी चौधरीं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की उस बयान की कठोर निंदा करते हुए कहा ,जिसमें उन्होंने कहा कि ÷बंगलादेश के जैसे भारत में भी अराजकता फैलेगी।÷ यह बयान न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली, स्थिरता और संविधान के प्रति अविश्वास को भी दर्शाता है। ऐसे बयान न केवल भारतीय जनता की भावना को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि यह देश की गरिमा, संप्रभुता और एकता पर भी प्रश्नचिह्न लगाते हैं।सांसद रूपकुंमारी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जो अपनी विविधता, समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, और संवैधानिक मूल्यों पर आधारित शासन व्यवस्था के लिए जाना जाता है। यहाँ का कानून और व्यवस्था देश की जड़ों में गहराई से स्थापित है, और ऐसी किसी भी अराजकता की संभावना को रोकने के लिए पर्याप्त तंत्र मौजूद हैं। भारत की तुलना बंगलादेश जैसी स्थिति से करना अत्यंत निंदनीय है और यह बयान कांग्रेस की राजनीति की गहराई में छिपी नकारात्मकता और हताशा को उजागर करता है।यह बयान एक स्पष्ट उदाहरण है कि किस प्रकार कांग्रेस देश की स्थिति को अस्थिर करने के लिए आधारहीन और भड़काऊ बातें कर रही है। इस तरह के बयान न केवल देश की आंतरिक सुरक्षा को खतरे में डाल सकते हैं, बल्कि यह भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। यह कहना कि भारत में अराजकता फैलेगी, भारतीय लोकतंत्र और इसके संस्थानों पर सीधा हमला है, जो न केवल अनुचित है बल्कि पूरी तरह से अस्वीकार्य भी है।भारत एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र है, जो अपने नागरिकों की सुरक्षा और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। यहाँ का संविधान और कानून की व्यवस्था किसी भी प्रकार की अराजकता को जन्म देने की संभावना को समाप्त करती है। इस संदर्भ में कांग्रेस द्वारा की गई इस प्रकार की टिप्पणी अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना और भड़काऊ है। सांसद श्रीमतीरूपकुंमारी ने कांग्रेसी नेताओं के दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि ऐसे बयान केवल राजनीतिक लाभ के लिए नहीं दिए जा सकते, क्योंकि इससे देश की सुरक्षा और अखंडता पर भी प्रश्न उठते हैं। यह बयान न केवल भारत के नागरिकों का अपमान है, बल्कि यह देश की संवैधानिक प्रणाली और उसकी स्थिरता पर भी प्रश्नचिह्न लगाने की कोशिश है।यह स्पष्ट है कि कांग्रेस का यह बयान एक सस्ती राजनीतिक चाल है, जिसका उद्देश्य जनता में डर और भ्रम पैदा करना है। लेकिन ऐसे बयान देश के विकास और स्थिरता के लिए हानिकारक हैं और इन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए। कांग्रेस को ऐसे बयानों के लिए माफी मांगनी चाहिए और भविष्य में इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी से बचना चाहिए, जो न केवल देश के प्रति अनादर को दर्शाता है बल्कि यह भी दिखाता है कि उनके पास सकारात्मक और रचनात्मक राजनीति की कमी है। इस बयान की सख्त निंदा होनी चाहिए और यह संदेश दिया जाना चाहिए कि भारत एक मजबूत लोकतंत्र है, जहां कानून और व्यवस्था का राज है, और किसी भी प्रकार की अराजकता फैलने की कोई संभावना नहीं है। भारत के नागरिक इस तरह के भ्रामक और आधारहीन बयानों को नकारते हैं और अपने देश के प्रति गर्व और सम्मान के साथ खड़े रहते हैं।

## मनरेगा का लेबर बजट 20 अगस्त से बनेगा

■ वित्तीय वर्ष 2025-26 के लेबर बजट बनाने प्रशिक्षण में दी गई विस्तृत जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 10 अगस्त।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में ग्राम पंचायत में जाबकार्डधारी परिवारों को मांग के आधार पर कार्य उपलब्ध कराये जाते हैं। मनरेगा योजनांतर्गत कार्यों की स्वीकृति के लिए ग्राम सभा में अनुमोदन होना आवश्यक है। 20 अगस्त को आयोजित होने वाले ग्राम सभा के दिन में लेबर बजट बनाने की शुरूआत की जावेगी। उक्त जानकारी जिला पंचायत में प्रशिक्षण में दी गई ।कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सभागार में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लेबर बजट बनाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण 8 अगस्त को आयोजित किया गया।सहायक परियोजना अधिकारी मनीष सोनवानी ने लेबर बजट बनाये जाने में प्रमुख रूप से घ्यान दिए जाने वाले विषय-विस्तुओं को विस्तार से बताता कि मनरेगा अंतर्गत श्रम-सामग्री का अनुपात 60-40 का होना आवश्यक है। मनरेगा योजनांतर्गत 266 प्रकार के अनुमय कार्य हैं जिसे लेबर बजट में लिया जा सकता है। प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के कार्यों में 65 प्रतिशत एवं कृषि एवं उससे जुड़े गतिविधियों से संबंधित कार्यों में 60 प्रतिशत के आधार पर लिया जाना आवश्यक है। लेबर बजट बनाये जाने हेतु बॉटम आफ एर्पोच आधारित प्रक्रिया अपनायी जानी है। ग्राम के विकास की कार्ययोजना ग्राम स्तर पर ही तैयार किये जाने हैं। सक्रिय महिला, समूह की महिलाएं घर-घर महिलाओं को मनरेगा योजना किये जाने वाले कार्यों एवं वर्ष भर में उस परिवार को माह वार औसतन आवश्यक काम की मांग की वस्तु स्थिति तैयार करेंगे।

प्रशिक्षण में मो. शालहीन खान एसोसिएट प्रैक्टिशनर ट्रांसफामिंग रूरल इंडिया, कल्पना दीप डीपीएम एन आर एल एम, जिनेश कुमार प्रोग्रामर, प्रशांत यादव प्रचार प्रसार अधिकारी के अलावा मनरेगा योजना के चारो जनपद से कार्यक्रम अधिकारी , तकनीकी सहायक , राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के बी पी एम, कलस्टर लेबल फेडरेशन के अध्यक्ष , सचिव एवं अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

### राजनांदगांव विसं की जर्जर सड़कों पर चलने मजबूर हैं ग्रामीणजनः तिवारी

राजनांदगांव,10 अगस्त। स्वदेशी जागरण मंच के जिला प्रचार प्रसार प्रमुख एवं संपादक कमलेश तिवारी ने जर्जर सड़कों को लेकर कांग्रेस भाजपा के नेताओं द्वारा भ्रामक ब्यान जारी कर वाहवाही लूटने का जो सिलसिला शुरू किया है उस पर ध्यान देने की सख्त आवश्यकता है। तिवारी ने अपने ब्यान में कहा है कि ग्रामीण इलाकों में कई सड़कें आज भी जर्जर हैं। वहीं कुछ को बनाने का काम शुरू भी किया गया है लेकिन ठेकेदारों एवं विभागीय अधिकारियों ने तालमेल न होने के कारण ग्रामीणजन चिथड़े कीचड़ मिट्टी दलदल में आवागमन करने मजबूर हैं। क्षेत्र के बड़े जनप्रतिनिधि कभी इन इलाकों का दौरा नहीं करते। जिसके कारण इस प्रकार की अराजकता ग्रामीण इलाकों में आवागमन को लेकर है। राजनीतिक पार्टी के नेता झूठी वाहवाही लूटने के लिए एक दूसरे पर दोषारोपण कर देकर सरकारों को दोषी बताते हैं। श्री तिवारी ने कहा है कि इस प्रकार के ब्यानबाजी से आवागमन की सुविधा ग्रामीणजनों को नहीं मिलना है।

## नेशनल जूनियर गर्ल्स फुटबॉल चैंपियनशिप, छग की टीम आंध्रप्रदेश रवाना



**बीजापुर, 10 अगस्त।** एनटीपीसी कोरबा में 17 जुलाई से 20 जुलाई 2024 तक आयोजित प्रतियोगिता में डीएफए (डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन) बीजापुर एवं डीएफए बस्तर के बीच खेला गया था जिसमें डीएफए बस्तर ने 5 - 0 से जीत दर्ज किया था।इससे पहले लीग मैच में डीएफए बीजापुर ने डीएफए रायपुर एवं डीएफए दुर्ग को हराकर फाईनल में प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला डीएफए बस्तर से हुआ था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल के आधार पर नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ टीम का चयन किया जाना था। जिसके कैम्प के लिये तीस खिलाड़ियों का चयन किया गया जिसमें बीजापुर के आठ खिलाड़ियों का चयन हुआ था।कैम्प 21 जुलाई से 7 अगस्त तक एनटीपीसी कोरबा में लगाया गया -कैम्प के पश्चात तीस खिलाड़ियों में से बाईस खिलाड़ियों का चयन स्किल के आधार पर नेशनल टीम के लिये किया गया, जिसमें बीजापुर के सात खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ टीम के लिये हुआ जिसमें प्रेमा यालम, सुजाता कोर्राम, कौशल्या हपका, मुस्कान यालम, दीपिका, माधवी और जहान्वी है। छत्तीसगढ़ फुटबॉल टीम के कोच के रूप में बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी की कोच ज्योति यादव (ए एफ सी सी लाइसेंस एवं एन आई एस) को हेड कोच की जिम्मेदारी दी गई है।

## अल्प समय में ही नागरिकों की समस्या का समाधान किया जा रहा: अनिता



**महासमुंद, 10 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप और नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव के मार्गदर्शन में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर नागरिकों की समस्याओं और मांगों के समाधान के लिए नगरीय निकायों में सतत जारी है। गुरुवार को महासमुंद के वार्ड क्रमांक 12 और 23 के नागरिकों की समस्याओं और मांगों के समाधान के लिए श्री राम पाठशाला में इस पखवाड़ा का आयोजन किया गया था। जिसमें 286 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती अनिता जी रावटे मौजूद थी। शिविर में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री पवन पटेल, पार्षद श्री देवीचंद राठी, श्री महेन्द्र जैन, श्रीमती मीना वर्मा, श्री राजेन्द्र चन्द्राकर, श्री डमरू मांझी, श्री महेन्द्र सिक्का, श्री विक्की गुरूदत्ता श्री लोकेश्वर साहू, श्री ताराचंद तांडी, श्रीमती उत्तरा प्रहरे, श्रीमती लक्ष्मी साहू, श्रीमती सुरेखा कंवर, निर्मला कुमार, श्री भरत खत्री, श्री माखन यादव, श्री जितेन्द्र साहू श्री ताराचंद चांडक एवं श्री वजीर अरोरा मौजूद थे। शिविर में नगरीय प्रशासन के संयुक्त संचालक श्री लोकेश्वर साहू, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री लवकेश कुमार भी मौजूद थे।

मुख्य अतिथि श्रीमती अनिता जी रावटे ने शिविर में पहुंचे लोगों से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली और समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह शिविर जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है जिसके माध्यम से लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। सभी नागरिक इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। छत्तीसगढ़ सरकार जन मानस को कैसे शासकीय एवं विभागीय योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सभी प्राप्त आवेदनों का त्वरित निवारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा शिविर का मुख्य उद्देश्य नगरीय समस्याओं का तत्काल और समय-सीमा में निराकरण करना है। नई सरकार ने 6 महीने की अल्प अवधि में ही उल्लेखनीय कार्य किए हैं।शिविर में नगरीय प्रशासन के संयुक्त संचालक श्री लोकेश्वर साहू ने भी शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि इस पखवाड़े का उद्देश्य स्थानीय समस्याओं का समाधान और नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। स्थानीय स्तर पर प्राप्त समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर किया जाएगा वहीं शासन से संबंधित समस्याओं को नगरपालिका के माध्यम से शासन को भेजा जाएगा।पूर्व अध्यक्ष श्री पवन पटेल ने कहा कि महतारी वंदन के हितग्राहियों को पूरा लाभ मिले इसके लिए छोटे-छोटे त्रुटियों को सुधारकर पुनः आवेदन हेतु अवसर दिया जाए। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों के आधार और बैंक लिंकेज का समाधान जल्द ही किया जाएगा। शिविर को पार्षद श्री देवीचंद राठी, श्री महेन्द्र जैन, श्री राजेन्द्र चंद्राकर ने भी संबोधित किया और कहा कि नगरपालिका को छोटी-छोटी समस्याओं जैसे सफाई, बिजली, पानी आदि का तत्काल निवारण करना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अपनी मांग और समस्याओं के संदर्भ में आवेदन देने और इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की। श्री राठी ने कहा कि श्रद्धांजलि योजना के तहत दी जाने वाली सहायता राशि का लाभ दिया जाएगा। शुक्रवार कों प्राथमिक शाला कुम्हार पारा महासमुंद में शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें वार्ड क्रमांक 24 और 30 के लोगों की मांगे और समस्याओं का निराकरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री हरबंस सिँह ढिल्लो के रूप मे मौजूद थे. शिविर मे श्री संदीप दीवान, श्री पवन पटेल, श्री देवीचंद राठी, श्री राजू चंद्राकर, श्री राजेश नेताम, श्री महेन्द्र सिक्का, श्रीमती रेखा बेहरा, श्रीमती राधा रानी, श्री दिलीप यादव, श्री रोशन बग्गा, श्री सोनाधर सोनवानी, श्री राजेश प्रजापति सहित स्थानीय नागरिक और हितग्राही मौजूद थे। शिविर में राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, पेयजल, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग से संबंधित आवेदनों के अलावा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, शहरी आजीविका मिशन, समाज कल्याण, महिला बाल विकास, भवन अनुज्ञा, सामाजिक पेंशन, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

जिसके निराकरण के निर्देश दिए गए है नगरीय प्रशासन द्वारा जिले में अंतिम शिविर शनिवार 10 अगस्त को महिला जिम बीटीआई रोड महासमुंद में आयोजित किया जाएगा, जिसमें वार्ड क्रमांक 27, 28 एवं 29 के लोगों की मांगे और समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। अधिक से अधिक नागरिकों को शिविर में आने की अपील की गई है।

## 3 माओवादियों ने किया पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया



**बीजापुर,10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज एवं उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा, उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु (परिचालन) बीजापुर के मार्ग दर्शन में जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाईटर एवं केरिपु 85वी वाहिनी के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से तथा छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर पीएलजीए कंपनी नं 02 के प्लाटून नं 0 के सदस्य एवं दक्षिण बस्तर डिवीजन अन्तर्गत सीआरसी प्लाटून नं 01 के सदस्य सहित 03 माओवादियों ने आज दिनांक 09/08/2024 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 85वी वाहिनी श्री सुनील कुमार राही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स, श्री वैभव बैंकर, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी बीजापुर श्री विनित साहू के समक्ष माओवादियो के आदिवासियों के विकास विरोधी, खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया। 1. रमेश फरसा पिता सुकलू फरसा उम्र 24 वर्ष्जाति मुरिया निवासी हिंगुम पटेलपारा थाना जांगला जिला बीजापुर, पीएलजीए कंपनी नं 02 प्लाटून नं 01 सदस्य, ईनाम- 08.00 लाख रुपए, वर्ष 2012 से सक्रिय2. मनकी माड़वी उर्फ सरिता पिता सोमा माड़वी उम्र 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी चेरली कोकोड़ीपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, दक्षिण बस्तर डिवीजन अंतर्गत सीआरसी कंपनी के प्लाटून नं 01 में पार्टी सदस्य ईनाम - 08.00 लाख रुपए, वर्ष 2015 से सक्रिय3. लक्ष्मण पोटाम उर्फ मुरा पिता बुधराम पोटाम उम्र 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार गोरगेपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर पुसनार आरपीीस मिलिशिया प्लाटून 'सी' सेक्शन डिप्टी कमाण्डर, वर्ष 2015 से सक्रियरमेश फरसा, माओवादी संगठन में कार्य का विवरण-वर्ष 2012 में बाल संघम के पद पर संगठन में भर्ती हुई । वर्ष 2013 में सीएनएम सदस्य के पद पर कार्य किया । 2014 हिंगुम भूमकाल मिलिशिया सदस्य के पद पर कार्य किया । वर्ष 2015-2020 तक मे इदेर आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य के पद पद कार्य किया वर्ष 2021 में कंपनी नं 02 के प्लाटून नं 01 में पीएलजीए सदस्य के पद पर कार्य दिया गया ।

## प्राथमिक शाला मद्देड़ में बारिश का पानी भरने से बच्चे हो रहे परेशान




**बीजापुर,10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में लगातार बारिश के चलते भोपालपटनम ब्लॉक के मद्देड कन्या प्राथमिक शाला और बालक प्राथमिक शाला के आंगन में बारिश का पानी भर जाने से शाला में बालक और बालिकाओं समेत शिक्षक शिक्षिकाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल के बाजू पंचायत भवन और अस्पताल का नाली जाम होने से बारिश का पानी स्कूल के आंगन में भर जा रहा है। जिससे पानी स्कूल के अंदर भी प्रवेश कर रहा है।कन्या प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक मंजू रापार्ती एवं बालक प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक पुप्पाल अंशुरिया नें बताया कि स्कूल के सामने डबरी बन जाने से एक दिन बच्चों को छुट्टी देना पड़ा। गंदे पानी के जमाव होने से कीड़े मकोड़े व आसपास की गंदगी आ रही है। प्राथमिक शाला में जमा होने वाले पानी के निकासी की कोई व्यवस्था जिम्मेदारों द्वारा अब तक नही की गई है । भोपालपटनम में पालक शिक्षक सम्मेलन के बाद बीजापुर लौटते जिला शिक्षा अधिकारी नें मौके पर इस नजारे को देख कर इन दोनों स्कूल को मद्देड़ में संचालित दुधेडा आश्रम में संचालन करने के मौखिक आदेश दिए।

## पेंशनर्स संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर बताई समस्या



**बीजापुर,10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पेनशनधारी कल्याण संघ व पेंशनर्स महासंघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर अनुराग पांडे से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सेवानिवृत्त कर्मचारीयों को डिजिटल परिचय प्रदाय करने, दिसंबर व जून माह हुये रिटायर्ड कर्मचारी को आगामी माह का वेतन वृद्धि जोड़कर पेंशन का निर्धारण करने व विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय पेंशन प्राधिकार पत्र देने की मांग की गई। कलेक्टर अनुराग पांडे ने पेंशनर्स महासंघ के लोगों से बडे ही सौहार्दपूर्ण माहौल में बात करते हुए कहा कि इस पर कार्रवाई चल रही है। और जो मांग है उसे शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। संघ ने इसके बाद जिला कोषालय अधिकारी से मिलकर पेंशनर्स की समस्या से अवगत कराया गया। ज्ञापन देते समय पेंशनर्स कल्याण संघ के पदाधिकारी ब्लाक अध्यक्ष ए. सुधाकर, सचिव बीआर नरवरिया, महासंघ जिलाध्यक्ष आरडी झाड़ी, एम ए खान साथ थे।

## सड़क किनारे अतिक्रमण,रख-रखाव के काम में आ रही दिक्कत

**पत्थलगांव, 10 अगस्त।** इंदिरा चौक के पास तीनों मार्ग में 200 मीटर की सडक हमेशा खराब रहने का कारण एन.एच के अधिकारी उसे अतिक्रमण बता रहे है। उनका कहना है कि सडक किनारे बसे व्यापारी दुकानों का पसरा सड़क तक सटा रहे है,जिसके कारण साईड सोल्डर की दिक्कत होने के कारण सडक किनारे से टूटकर बेकार हो रही है,आज राश्ट्रीय राजमार्ग के अनुविभागीय अधिकारी संजय सिन्हा एवं उपयंत्री अषोक षेषर ने इंदिरा चौक के पास की सड़क का जायजा लेकर मरम्मत के काम को तेज कराया,परंतु बारिष के मौसम मे कराया गया कार्य लंबे समय तक सुगम सडको का लाभ नही दे पायेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग के अनुविभागीय अधिकारी संजय सिन्हा का कहना था कि शहर के बीच की सड़के काफी सकरी हो गयी है,इंदिरा चौक के पास सकरी सडक में डिवाईडर लगा दिया गया है,जिसके कारण बडी वाहनो को चलने के लिए पूरी जगह नही मिल पाती। बडी वाहनो का पहिया सड़क के साईड में लगने के कारण सडके जल्दी टूट रही है,उन्होने इसके लिए साईड सोल्डर का होना बेहद जरूरी बताया,परंतु साईड सोल्डर बनाने मे भी राश्ट्रीय राजमार्ग के मजदुरो को काफी दिक्कत पैदा हो रही है। इंदिरा चौक के पास स्थित दुकानदारो द्वारा अपना पसरा का दायरा सड़कों से सटा दिया गया है।

## एक नजर

### जैतूसाव मठ में मनाई गई नागपंचमी



**रायपुर 10 अगस्त।** श्री महावीर व्यायामशाला (अखाड़ा) जैतूसाव मठ, पुरानी बस्ती, में धूमधाम से नागपंचमी पर्व मनाया गया इस अवसर पर महावीर व्यायामशाला में विराजित श्री हनुमान जी की विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई साथ ही शेषनाग जी की भी आराधना कर शुद्ध घी के दिए प्रज्वलित कर कटोरे में उनके लिए दूध रखा जाता है इस दिन अखाड़ा के समस्त अस्त्र-शस्त्रों की भी पूजा की जाती है द्य इस अवसर पर श्री महावीर व्यायामशाला के अध्यक्ष डॉ. रेवाराम यदु सचिव मानिक ताम्रकार, उपाध्यक्ष गजेश यदु, कोषाध्यक्ष राजेश यदु, हरीश परमाले, रमेश अनंतराम यदु, महंत राम आशीष दास, बाबूलाल यदु सहित सैकड़ो की संख्या में अखाड़ा के पहलवान उपस्थित रहे।

# राज्य के 160 आईटीआई होंगे अपग्रेड

## मॉडल आईटीआई के रूप में उन्नयन के लिए 484.22 करोड़ रूपए जारी



**रायपुर 10 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए राज्य के 160 आईटीआई को मॉडल आईटीआई के रूप में उन्नयन किया जा रहा है। इसके लिए रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा 484 करोड़ 22 लाख रूपए की स्वीकृति जारी की गई है। मॉडल आईटीआई में उन्नयन के पश्चात युवाओं को स्थानीय उद्योगों की मांग के मुताबिक प्रशिक्षण मिल सकेगा।

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने मॉडल आईटीआई में उन्नयन को राज्य के युवाओं के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप राज्य के आईटीआई को मॉडल आईटीआई में अपग्रेड करने की योजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि योजना के पहले चरण में प्रदेश के 160 आईटीआई के लिए 484.22 करोड़ रूपए का तीन वर्षीय प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। बलौदाबाजार के सकरी स्थित आईटीआई को मॉडल आईटीआई बनाने का काम जल्द शुरू होगा। इसके लिए सिडबी योजना के तहत 20 करोड़ 13 लाख रुपए की राशि की स्वीकृति जारी की गई है।

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने बताया कि बलौदाबाजार के सकरी शासकीय आई टी आई के विभिन्न ट्रेड का उन्नयन और अधोसंरचना के कार्य किये जाएंगे। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मशीन टूल्स और उपकरण के लिए 3 करोड़ 23 लाख रूपए जारी किया गया है। इसमें कंप्यूटर, हार्डवेयर और नेटवर्क मेंटनेंस के लिए 1 करोड़ 5 लाख रूपए, इलेक्ट्रिशियन के लिए 75 लाख रूपए, फीटर के लिए 46 लाख, मेकेनिक डीजल के लिए 44 लाख रूपए और वेल्डर के लिए 53 लाख रूपए शामिल है। इसी तरह सिविल वर्क में आईटीआई के नए भवन निर्माण के लिए 3 करोड़ 44 लाख रूपए, गार्ड रूम के लिए 7 लाख 42 हजार रूपए, मोटर गाड़ियों के पार्किंग के लिए 1 करोड़ 25 लाख रूपए, स्टाफ क्वाटर्स निर्माण के लिए 11 करोड़ 78 लाख रूपए तथा प्रवेश द्वार और बाऊण्ड्रीवाल के लिए 34 लाख 80 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।



**रायपुर 10 अगस्त।** शुक्रवारी बाजार में नागपंचमी पर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्टेशन रोड गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की ओर से अधिकृत सह सचिव एवं नहरपारा विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला ने पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद दीनानाथ शर्मा, महेंद्र सिंह छाबड़ा,अमरीक सिंह बली, राजू सिंह,मल्होत्रा आदि उपस्थित थे।

### भाजपा महिला मोर्चा का 11 को सावन महोत्सव

**रायपुर, 10 अगस्त।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा कल यानी 11 अगस्त को सावन महोत्सव मनाया जाएगा। इस महोत्सव में भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे। बताया गया कि यह कार्यक्रम भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सुबह 11:00 बजे शुरू किया जाएगा। जिसमें कई तरह के कार्यक्रम होंगे। इसमें महिला कार्यकर्ता और बहनें भाग ले सकती हैं। कल होने वाले इस सावन महोत्सव कार्यक्रम में हरियाणा की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल भी शामिल होंगी। उनके साथ मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे, लता उसेंडी सहित महिला मोर्चा की सदस्य भी मौजूद रहेंगी

### कोचिंग, स्कूल, हॉस्टल, हॉस्पिटल, मॉल, सिनेमाघरों की होगी सुरक्षा जांच

**रायपुर 10 अगस्त।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में संचालित सभी कोचिंग सेंटर, स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल, हॉस्पिटल, मॉल, सिनेमा घर सहित अन्य सार्वजनिक और शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश जारी किए हैं। यह कदम हाल ही में दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में हुई त्रासदी के बाद उठाया गया है, जहां बारिश का पानी भरने से तीन छात्रों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद पूरे देश में कोचिंग सेंटरों और अन्य सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा की समीक्षा की जा रही है। सरकार ने शहरी क्षेत्रों में सुरक्षा ऑडिट समितियों के गठन के निर्देश दिए हैं, और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि एक महीने के भीतर सुरक्षा ऑडिट की प्रक्रिया पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

### अपच की समस्या को नजरअंदाज न करें

**रायपुर 10 अगस्त।** हेलीअन द्वारा भारत के नंबर 1 ओटीसी एंटेसिड, इनो ने एसिडिटी से तेज और प्रभावशाली राहत के लिए इनो की शक्ति और असली जीरा, अजवाइन एवं काला नमक के गुणों के साथ नया 3-इन-1 वैरिएंट लन्च किया है। इन नए वैरिएंट्स में इनो की शक्ति के साथ विश्वसनीय प्रातिक तत्वों के गुण हैं, जो 3 बीमारियों - एसिडिटी, गैस और अपच से राहत प्रदान करते हैं। इस नए लन्च के बारे में अभिनेता कालिदास जयराम ने कहा, जश्न के मौके, खासकर दक्षिण भारत की भव्य शादियाँ बहुत खास होती हैं। इनमें खूबसूरत सजावट से लेकर आशीर्वाद कार्यक्रम तक सब कुछ, विशेष रूप से भोजन कार्यक्रम बहुत भव्य होता है। यहाँ पर अलग-अलग स्वाद के व्यंजन बनाए जाते हैं। तीखा इमली चावल, मुलायम मैसूर पाक, बिसी बेले बाथ देखकर कोई भी खुद पर काबू नहीं रख सकता। इतना सारा खाने के बाद एसिडिटी भी हो सकती है। तेजी से राहत प्रदान करने की इनो की विरासत अब इनो 3-इन-1 में उपलब्ध है, जो एसिडिटी और पाचन की अन्य समस्याओं से तुरंत राहत देती है, ताकि जश्न की खुशी में कोई रुकावट ना आए।

### बस स्टैण्ड में यात्री से 90 हजार की उठाईगिरी

**रायपुर, 10 अगस्त।** यात्री से भाठागांव बस स्टैंड में 90 हजार की उठाईगिरी का मामला सामने आया है। पूरा मामला टिकरापारा थाने का है। जानकारी के मुताबिक एक यात्री कहीं जाने के लिए टिकट काउंटर के पास खड़ा था। इस दौरान उसके बैग से 90 हजार कैश पार हो गए। जिसकी शिकायत करने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते 2 चोरों को हिरासत में लिया है। दोनों के कब्जे से कुछ रकम की जब्ती भी हुई है। खबर लिखे जाने तक दोनों आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है।

### हर घर तिरंगा अभियान में उत्साह से हों शामिल : राज्यपाल

**रायपुर, 10 अगस्त।** राज्यपाल रमेन डेका ने सभी नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान में उत्साह से भाग लेने की अपील की है। उन्होंने देश व प्रदेश के नागरिकों से आग्रह किया है कि अपने घरों में तिरंगा फहराएं और स्वतंत्रता दिवस को सम्मान व गर्व के साथ मनाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की 'हर घर तिरंगा अभियान' में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके आव्हान पर यह अभियान आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के तहत शुरू किया गया था। राज्यपाल ने कहा कि यह अभियान, देश भक्ति और एकता की भावना को मजबूत करेगा और राष्ट्रीय पर्व की गरिमा बढ़ाएगा। इस महाअभियान से न केवल तिरंगे के प्रति हमारा व्यक्तिगत जुड़ाव मजबूत होगा बल्कि राष्ट्र निर्माण की भावना भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर देश के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद करते हुए उनसे प्रेरणा लें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

### राज्यपाल रमेन डेका असम रवाना

**रायपुर, 10 अगस्त(मुख्य नगर संवाददाता)।** राज्यपाल रमेन डेका आज अपने गृह प्रदेश असम रवाना हुए। राज्यपाल ने तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश के गर्व को ऊंचा करने के लिए है। राज्यपाल 15 अगस्त तक वापस आ जाएंगे। यहां पर ध्वजारोहण के पश्चात वे शाम को राजभवन में होने वाले कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# नसबंदी का ठेका बंद,शहर में बढ़ रहे डॉग बाइट की घटनाएं

**रायपुर, 10 अगस्त ।** शहर में आवारा कुत्तों की समस्या का अब तक समाधान नहीं निकाला जा सका है। नगर निगम ने स्ट्रीट डॉग की सर्जरी से लेकर उन्हें शहर से बाहर छोड़ने सहित कई प्रयोग किये पर वे फेल हो गये।

गली- मोहल्लों से खूंखार कुत्तों को पकड़ने वाली डॉग कैचर टीम एक अरसे से शहर से गुम है। नगर निगम द्वारा सोनडोंगरी में आवारा कुत्तों की सर्जरी और बीमार कुत्तों की देखभाल के लिए बनवाये जा रहे प्रदेश के पहले डॉग शेल्टर का काम महीनों से बंद पड़ा है। ऐसे में चौराहों और गली-मोहल्लों में इन आवारा कुत्तों के झुंड ने आम आदमी की चिंता बढ़ा दी है। वहीं निगम अफसरों का कहना है, शिकायत आने पर कुत्तों की धरपकड़ की व्यवस्था है।

राजधानी ही नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ में डॉग बाइट की बढ़ती घटना ने लोगों को परेशान कर दिया है। एक साल में सवा लाख को आवारा कुत्तों ने काटा। रायपुर जिला में सबसे ज्यादा 16 हजार डॉग बाइट के केस सामने आये। इसके बाद भी निगम प्रशासन ने आवारा कुत्तों की आक्रामकता कम करने समुचित प्रबंध नहीं किये। 5 साल से निजी एजेंसी को इस कार्य के लिए अनुबंध देना भी बंद कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक 2018 में शहर के अनुपम नगर में एक बच्ची पर कुत्तों के हमले की घटना से शासन ने बैरनबाजार हिंदू हाई स्कूल के पास स्थित पशु चिकित्सालय में 2 डॉक्टरों की प्रतियुक्ति पर पदस्थापना की है। तब से इन डॉक्टरों के माध्यम से स्ट्रीट डॉग की जनसंख्या नियंत्रित करने सर्जरी का कार्य किया जा रहा है, जबकि पूर्व में यह काम निविदा पर होता था, जिसमें अनुबंधित एजेंसी अपने संसाधन पर इस कार्य को किया करती थी।

# भवन निर्माण सामग्रियों के भाव छू रहे आसमान

**प्लास्टर एवं जोड़ाई के लिए रेत नहीं मिल रही**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 10 अगस्त।** पिछले एक सप्ताह से हो रही अनवरत वर्षा के कारण भवनों के प्लास्टर और जोड़ाई के उपयोग में आने वाली रेत नहीं मिल पा रही है। इसके कारण भवन निर्माण का कार्य प्रभावित हो गया है। इधर स्टील उद्योग की हड़ताल के कारण सरिया का भी भाव प्रति टन बढ़ गया है। वहीं सीमेंट के भी दाम बढ़ते जा रहे हैं। छग में सबसे ज्यादा सीमेंट निर्माण कंपनियां हैं पर इसके भी दाम 300 से 350 रुपए प्रति बोरी तक पहुंच गए हैं।

राजधानी में विभिन्न गृह निर्माण समितियों, शासकीय भवनों निर्माण का कार्य चल रहे हैं। बरसात में ईंट भट्ठा बंद रहता है। इस कारण लाल और काले ईंट के दाम भी प्रति नग बढ़ गए हैं। लाल ईंट प्रति नग 9 रुपए तथा काला ईंट 5 रुपए प्रति नग की दर से मिल रहा है जिसके कारण समाज के कमजोर एवं निम्न वर्ग के लोग परेशान हैं। रेत की आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है। आरंग के पास महानदी तथा राजिम से रेत लाने का कार्य होता है। कई बड़े आपूर्तिकर्ताओं ने रेत का स्टॉक कर लिया है। भवन के प्लास्टर के लिए उपयोग में आने वाली रेत नहीं मिल रही है। इसका रेट भी प्रति 100 फीट सात से आठ हजार रुपए तक हो गया है। इस समय बड़े भवन निर्माता रेत के लिए बड़े आपूर्तिकर्ताओं से संपर्क बनाए हुए हैं। चिल्हर भवन निर्माण सामग्री बेचने वाले सिर्फ बजरी एवं गिट्टी बेच रहे हैं।

राजधानी में स्पंज आयरन एंड इंडस्ट्रीज उद्योग के मालिक बिजली की दर को कम करने को लेकर हड़ताल पर रहे हैं। इसके कारण प्रति टन एक हजार रुपए इसका रेट बढ़ गया है। इस समय छज्जा एवं बीम डालने के लिए 11 एमएम व 9 एमएम के सरिया की कीमत बढ़ गई है वैसे उद्योगपतियों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली है। जिससे इसके दाम गिरने की संभावना है। ग्रेनाइट का भी उपयोग बढ़ता जा रहा है लेकिन मध्यमवर्गीय परिवार अब किचन सहित चौखट में इसका उपयोग कर रहा है। राजधानी के सुंदरनगर में काले पत्थर की पॉलिशिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। राजधानी में इस समय बहुमंजिली इमारतें धड़ल्ले से बन रही है जिसमें संगमरमर व ग्रेनाइट का उपयोग किया जा रहा है। आधुनिक भवन निर्माण सामग्रियों का भी उपयोग हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना का काम चल रहा है इसके लिए हितग्राहियों को किश्तों में पैसा दिया जाता है। बरसात में भवन निर्माण सामग्रियों के भाव आसमान छूने के कारण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। राजधानी में इस समय गांधी चौक, भनपुरी, तेलीबांधा में चावड़ी में मजदूर आते हैं लेकिन अभी भवन निर्माण काम नहीं होने के कारण निराश लौट जाते हैं। मध्यम वर्ग के लिए अब मकान बनाना एक सपने की तरह हो गया है।

### चार मंत्रियों को बस्तर के चार ज़िलों का प्रभार, आदेश जारी

**रायपुर, 10 अगस्त।** राज्य सरकार ने बस्तर के चार ज़िलों जिनमें कांकेर,बस्तर,कोंडागांव और नारायणपुर शामिल हैं, इन ज़िलों के प्रभारी मंत्री तब्दील किए हैं। बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद ज़िले के प्रभार में परिवर्तन प्रस्तावित था।राज्य सरकार ने आदेश में स्पष्ट किया है कि,मंत्रियों के पास ये ज़िले अतिरिक्त प्रभार के रुप में दिए जा रहे हैं। वे ज़िले जिसके प्रभारी वे पूर्व में थे, वह पूर्ववत् बने रहेंगे। राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश में डिप्टी सीएम अरुण साव को कांकेर का, डिप्टी सीएम विजय शर्मा को बस्तर का,वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन को कोंडागांव का तथा राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को नारायणपुर ज़िले का प्रभारी मंत्री बनाया गया है।

### पौधरोपण अभियान : एक पेड़ शहीद के मां के नाम

**रायपुर, 10 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री इंदिरा कल्याण एलिसेला के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर संदीप पटेल , अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रामेश्वर देशमुख थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर एवं स्टाफके द्वारा शाहिद विष्णु राम लड़िया ग्राम बोगर, शहीद शालिक राम मरकाम ग्राम चवेला के ग्राम में व अन्य शासकीय कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम पोदला उरकना अभियान एक पेड़ शहीदों के मां के नाम वृक्षारोपण किया गया ।

# बृजमोहन अग्रवाल के लौटते ही दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की सरगर्मी तेज

**चुनाव संचालन समिति के शिवरतन शर्मा बना रहे रणनीति**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 10 अगस्त।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल के नई दिल्ली से लौटने के पश्चात दक्षिण विधानसभा उपचुनाव जीतने के लिए चुनाव संचालन समिति की बैठक होनी है। चुनाव की घोषणा होने के बाद ही प्रत्याशी चयन किया जाएगा। चुनाव जीतने के लिए रणनीति बनाई जा रही है।

दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने एक चुनाव संचालन समिति का गठन किया है। इसके प्रमुख शिवरतन शर्मा हैं। शिवरतन शर्मा ने बताया कि सांसद बृजमोहन अग्रवाल आज दिल्ली से लौटे हैं। उनके निवास अथवा भाजपा कार्यालय में चुनाव संचालन समिति की बैठक होगी। बैठक में रायपुर की दक्षिण विधानसभा सीट में चुनाव जीतने के लिए मण्डल अध्यक्षों एवं पार्षदों के साथ रायशुमारी की जाएगी। चूंकि भाजपा सत्ता में है इसलिए यहां भाजपा के अनेक महत्वाकांक्षी दावेदार सामने आए हैं। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का कहना है कि प्रत्याशी चयन करने का काम मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष का है। हमारा काम प्रत्याशी को जीताना है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से निरंतर चुनाव जीतते आए हैं। इस वर्ष उनके चुनाव में जीत का अंतर बढ़ गया है। यहां भाजपा के सशक्त प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा जाएगा।

### कांग्रेस में उथल-पुथल, बैज ने की रायशुमारी

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भी रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव को लेकर अपने कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की है। कांग्रेस के पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं धनेन्द्र साहू ने भी हाईकमान से मुलाकात कर नगरीय निकाय चुनाव तथा विधानसभा उपचुनाव के संबंध में चर्चा की है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा आदिवासी दिवस की उपेक्षा की गई है।

# घर घुसकर सोने का हार व नगदी चोरी करने वाला गिरफ्तार

**रायपुर, 10 अगस्त ।** गत दिनों आरंग थानाक्षेत्र में एक घर में घूसकर घर की आलमारी में रखा सोने का हार तथा नगदी चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा आरोपी के पास से चोरी का हार बरामद किया है। शिवकुमार लोधी ग्राम कलई थाना आरंग का रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 15 मई को सुबह 6 गांव में चल रहे रोजगार गारंटी काम पर अपनी पत्नी के साथ गंगा जमुना तालाब चला गया था तथा घर में लड़की कल्पना लोधी थी प्रात करीब 9 खाना खाने घर आया खाना खाकर करीब 9:45 बजे पुनः तालाब चला गया उसी समय करीब 10बजे लड़की कल्पना लोधी ने तालाब में आकर बताई की एक व्यक्ति मोटरसाइकिल में आया और ज़ब मैं नहा रही थी तो उसी समय घर अंदर घुसकर अलमारी को चाबी से खोलकर सोने का मंगलसूत्र एवं सोने का हार कीमती 125000 रु एवं नगदी 15000 रुपए चोरी कर ले गया।

मामले की रिपोर्ट पर थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 456 380 506 भादवी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुछताछ में आरोपी ने घटना दिनांक को चोरी करना स्वीकार किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने का मंगलसूत्र एवं एक नेकलेस हार एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जप्त कर आरोपी को दिनांक 9 अगस्त को गिरफ्तार किया गया है।

# भोले शंकर समरसता कावड़ यात्रा 11 को महादेव घाट हटकेश्वर नाथ मंदिर पहुंचेगी

**रायपुर, 10 अगस्त।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी रविवार सुबह 9 से भगवान भोले शंकर समरसता कावड़ यात्रा सर्व हिंदू समाज के नेतृत्व में बूढ़ा तलाब चौक श्रीबूढ़ेश्वर मंदिर से महादेव घाट श्री हाटकेश्वर नाथ मंदिर के लिए आयोजित हो रही है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हमारे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव रहेंगे। साथ में हिंदू जागरण मंच के संगठन महामंत्री राजेश भार्गव भी रहेंगे विशेष अतिथि के रूप में भारत सेवा आश्रम संघ के जनरल सेकेट्री स्वामी सिवरूपा नंद महाराज, दुधाधारी मठ के महंत रामसुंदर महाराज, रामकुण्ड लक्ष्मीनारायण मंदिर मठ के महंत वेदप्रकाश महाराज और रायपुर लोकसभा के सांसद पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल रहेंगे और कावड़ यात्रा को भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा को प्रारंभ करेंगे। इस इस भव्य कार्यक्रम का प्रबंधन समाज सेवी दद्दू देवांगन, मयंक गोस्वामी और उपासना सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष रतिकांत साहू और उनकी पूरी टीम के द्वारा संचालित किया जा रहा है।

# ऋणी किसानों के लिए फसल बीमा जमा करने की तिथि 25 तक बढ़ी

**रायपुर, 10 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ के ऋणी किसान अब 25 अगस्त तक अपनी खरीफफसलों का बीमा कर सकेंगे। भारत सरकार ने ऋणी किसानों के लिए बीमा कराए जाने की निर्धारित तिथि 16 अगस्त को बढ़ाकर 25 अगस्त कर दिया है। अऋणी कृषकों के लिए फसलों का बीमा कराने की 16 अगस्त तक की निर्धारित तिथि यथावत रहेगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार ने खरीफ बीमा कराए जाने की तिथि को बढ़ाकर ऋणी कृषकों के लिए 16 अगस्त से 25 अगस्त तक कर दी गयी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए राज्य के किसानों को फसल बीमा कराने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देने तथा पंजीयन कराने को कहा है, ताकि प्राकृतिक आपदा से फसल नुकसान होने पर उन्हें क्षतिपूर्ति मिल सके।

राज्य में कृषि विभाग द्वारा खरीफवर्ष 2024 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए जारी अधिसूचना के अनुसार योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को पंजीयन कराना जरूरी है। किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत धान सिंचित, असिंचित, सोयाबीन, मूंगफल्ली, मक्का, मूंग, उड़द, कोदो-कुटकी, रागी फसल का बीमा करा सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति होती है। योजना में ऋणी और अऋणी किसान, जो भू-धारक व बटाईदार हो, शामिल हो सकते हैं। ऐसे किसान जो अधिसूचित ग्राम में अधिसूचित फसल का बीमा करा सकते हैं, इसके लिए किसानों को अपना आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका, बी-1 पॉचशाला खसरा, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं बोनी प्रमाण पत्र के साथ पंजीयन कराना होगा। बैंक अथवा चॉईस सेंटरों के माध्यम से भी फसल बीमा कराया जा सकता है।

## नवा रायपुर के तेन्दुआ में 120 एकड़ भूमि चिन्हित

# छत्तीसगढ़ में खुलेगा एलएनआईपीई का क्षेत्रीय संस्थान

**रायपुर, 10 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में गुणवत्तापूर्ण शारीरिक शिक्षा के साथ खेलों में विशेषज्ञता हासिल करने शीघ्र ही लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) ग्वालियर की तर्ज पर क्षेत्रीय संस्थान प्रारंभ होने जा रहा है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा सैद्धांतिक सहमति दे दी गई है। एलएनआईपीई सेंटर के लिए नवा रायपुर के तेन्दुआ में 120 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है, जिसे राजस्व विभाग के द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग को आबंटित करने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ में प्रारंभ होने वाले इस एलएनआईपीई सेंटर को भारत सरकार वित्तीय सहायता देगी।




खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंक राम वर्मा और ग्वालियर के राष्ट्रीय संस्थान के कुलपति प्रोफेसर इंदू बोरा के साथ हुई बैठक में नवा रायपुर के तेंदुआ में एलएनआईपीई सेंटर स्थापित करने पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। एलएनआईपीई के क्षेत्रीय संस्थान में प्रति शैक्षणिक सत्र में 1000 छात्र शारीरिक शिक्षा के पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर सकेंगे। यह संस्थान पूर्णतः आवासीय होगा। इसके लिए तेन्दुआ में 120 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है, जिसे राजस्व विभाग के द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग को आबंटित करने का निर्णय लिया गया है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री वर्मा ने इस संबंध में अधिकारियों को भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने एवं कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए है।

एल.एन.आई.पी.ई. की कुलपति प्रोफेसर इंदू बोरा ने बताया कि अगले सप्ताह मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एण्ड स्पोर्ट्स भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इस विषय पर खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा केन्द्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया से जल्द ही मुलाकात कर प्रस्ताव पारित करने का आग्रह करेंगे। इस अवसर पर सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री हिमशिखर गुप्ता, संचालक खेल एवं युवा कल्याण श्रीमती तनुजा सलाम, लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर के रजिस्ट्रार डॉ. संजीव यादव एवं अधिष्ठाता डॉ. कृष्णकांत साहू उपस्थित थे।

### जिस प्रेम में स्वार्थ न हो, आत्मा के विकास की बात हो वही सच्चा प्रेम है: मणिप्रभसूरीश्वर

**रायपुर 10 अगस्त।** कुशल कांति खरतरगच्छ जैन संघ के तत्वावधान में चल रहे चतुर्मास में नियमित प्रवचन में आज विशेष प्रवचन में धर्म सभा को संबोधित करते हुवे खरतर गच्छाधिपति आचार्य श्री जिन मणिप्रभसूरीश्वर जी म सा ने कहा की आज श्रावण शुक्ल की पंचमी को अरिहंत परमात्मा श्री नेमीनाथ भगवान का जन्म कल्याणक दिवस है । इस अवसर पर उन्होंने कहा की जिस प्रेम में स्वार्थ न हो या आत्मा के विकास की बात हो वही सच्चा प्रेम है,जिस प्रेम में लेने देने की बात नही हो,वही सच्चा प्रेम होता है नेमकुमार का प्रेम भवो भवो का प्रेम था लेकिन राजमति का प्रेम अल्प समय का प्रेम था । जैन धर्म में 24 तीर्थंकर में से दो इसे तीर्थंकर थे जिन्होंने विवाह नही किया था श्री मल्लीनाथ भगवान एवम नेमीनाथ भगवान नेमकूमार तीन ज्ञान के धनी थे उनको मालूम था कि मेरा विवाह नही होना है फिर भी लाखो बारातियों के साथ बारात निकली उनको दुनिया को करुणा का अहिंसा का बोध देना था।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26